Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 18 November 2025 ● Year : 03 ● Issue : 300 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**सुविचार**

मैं सारी जिंदगी जो भी सोचती रही, लिखती रही, वह सब देवताओं को जगाने का प्रयत्न था, उन देवताओं को, जो इंसान के भीतर सो गए हैं।

-अमृता प्रीतम

Rashmika Mandanna Finds Kriti Sanon...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 84,950.95 |
| निफ्टी | : | 26,013.45 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 11,605 |
| चांदी | : | 173.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### हजारीबाग में 38 किलो सोना और 60 केजी चांदी की लूट

**RANCHI :** जिले में 35 किलो सोना और 60 किलो चांदी की लूट की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र में ऑपरेशन चला रही है। बरही चौक पर रविवार की देर रात करीब नौ बजे दो बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। मौके से अपराधकर्मी फरार हो गए।

### विस नियुक्ति घोटाला में आज होगी सुप्रीम सुनवाई

**RANCHI :** विधानसभा नियुक्ति घोटाले में सीबीआई की याचिका पर 18 नवंबर को सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन की पीठ में इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा की याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई ने इस रोक को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान अनियमितता का मामला प्रकाश में आने के बाद मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी, क्योंकि विधानसभा ने एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की अनुशंसा और तत्कालीन राज्यपाल (वर्तमान राष्ट्रपति) ने भी विधानसभा अध्यक्ष को सीबीआई जांच कराने का निर्देश दिया था।

### नहीं मिली विनय सिंह से पूछताछ की अनुमति

**RANCHI :** आईएएस विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन से जुड़े केस के प्रमुख आरोपी विनय सिंह से पूछताछ करने के लिए एसीबी ने कोर्ट से अनुमति मांगी थी। लेकिन, कोर्ट ने एसीबी को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। एसीबी ने हजारीबाग कोर्ट में आवेदन देकर यह आग्रह किया था कि जेल में बंद विनय सिंह से पांच दिनों तक पूछताछ की अनुमति दी जाए। लेकिन, कोर्ट ने एसीबी के आग्रह को ठुकरा दिया। कोर्ट से अनुमति नहीं मिलने के बाद अब एसीबी विनय सिंह से पूछताछ नहीं कर पाएगी।

### जज के सरकारी ड्राइवर का शव धुर्वा डैम से बरामद

**RANCHI :** धुर्वा डैम में हुए एक हादसे में डूबे चौथे व्यक्ति, पुलिसकर्मी सत्येंद्र सिंह का शव सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि रविवार को भी डूबे व्यक्ति की तलाश की गई थी, लेकिन शव नहीं मिला था, सोमवार सुबह शव बरामद किया गया। इससे पहले, इसी घटना में मारे गए तीन अन्य पुलिसकर्मियों के शव पानी से निकाले जा चुके थे। सत्येंद्र सिंह की तलाश में एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम लगातार जुटी हुई थी।

# शब्दों और वाक्यों ने साहित्यिक आयोजन में छोड़ी 'छाप'

**PHOTON NEWS JSR :** साहित्य कला फाउंडेशन द्वारा आयोजित -झारखंड का अपना पुस्तक महोत्सव 'छाप'- का द्वितीय संस्करण सोमवार को बिष्टुपुर स्थित होटल एल्कोर में प्रारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा की सांसद डॉ. महुआ माजी, विशिष्ट अतिथि नवगीत के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, जेएनयू की प्रो. गरिमा श्रीवास्तव, डॉ. विजय शर्मा व फाउंडेशन की मुख्य न्यासी डॉ. क्षमा त्रिपाठी ने किया। डॉ. महुआ माजी ने बंगाल में पढ़ने की रुचि पर बताया कि वहां बच्चों के लिए काफी कुछ लिखा गया है, इसलिए बचपन से ही पढ़ने के प्रति रुचि होने लगती है। उन्होंने उपस्थित साहित्यकारों से बच्चों के लिए रचनाएं लिखने की सलाह दी, ताकि किताबों के प्रति आसक्ति बनी रहे। वैसे आज की पीढ़ी पढ़ने की बजाय सुनना ज्यादा पसंद कर रही है, इसलिए ऑडियो बुक का प्रचलन बढ़ रहा है। लेकिन, मेरी सलाह है कि पुस्तक मांग कर नहीं, खरीद कर पढ़ें।

## नामचीन हस्ताक्षरों ने साहित्य कला फाउंडेशन के पुस्तक महोत्सव के द्वितीय संस्करण की बढ़ाई गरिमा

### ईश्वर मानकर पूजे जाते हैं गुरुग्रंथ साहिब : डॉ. बुद्धिनाथ

दीप प्रज्वलन के उपरांत दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में- जीवन में किताबें और किताबों में जीवन- विषयक परिचर्चा हुई, जिसमें डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब को ईश्वर मानकर पूजा जाता है। जीवन में इससे बढ़कर पुस्तक का महत्व क्या हो सकता है। उन्होंने बताया कि पहले पढ़ने-लिखने की परंपरा नहीं थी, वाचिक परंपरा से बातें विस्तार लेती थीं। सबसे पहले बातों को छंद में लिखा जाता था, फिर सूत्र लिखे गए। महर्षि वाल्मिकी ने रामायण भी छंद में ही लिखा था। महर्षि वेदव्यास ने इसे लिपिबद्ध किया, तो पाणिनी ने उच्चारण करने का तरीका बताया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं राज्यसभा सांसद महुआ माजी

### पूरी जिंदगी बदल देती है कोई पुस्तक : डॉ. विजय

डॉ. गरिमा श्रीवास्तव ने पुस्तक के महत्व पर बताया कि जब वे यूरोप पढ़ाने गई थीं, तो अपने साथ 400 किलो वजन की किताबें ले गई थीं। फिर, स्थानीय महिलाओं से संवाद शुरू किया, उनकी बातें-समस्या सुनीं, फिर उन्हें कहानियों के रूप में लिखा। तब मैंने जाना कि वास्तव में यूरोपीय महिलाओं की स्थिति वैसी नहीं है, जैसा हम भारतीय उन्हें देखकर अनुमान लगाते हैं। वे भी महिला होने की पीड़ा से गुजर रही हैं। डॉ. विजय शर्मा ने द न्यू लाइफ पुस्तक का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे कोई पुस्तक पूरी जिंदगी बदल देती है। अतिथियों का स्वागत डॉ. क्षमा त्रिपाठी ने किया।

### संथाली व भोजपुरी में भी हुए सत्र

पहले दिन कार्यक्रम में संथाली व भोजपुरी के सत्र भी हुए, तो प्रो. रामदेव शुक्ल के उपन्यास ग्राम देवता, डॉ. कुंदन यादव के कहानी संग्रह- गंडासा गुरु की शपथ- पर भी अलग से सत्र हुआ। इसी क्रम में पढ़ने की संस्कृति का ह्रास विषयक परिचर्चा में शहर से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों के संपादकों ने अपने विचार रखे। किस्सागो परिवार के किस्से : संदर्भ ठाकुरबाड़ी- के बाद पहले दिन के कार्यक्रमों का समापन काव्यराग की बैठ प्रस्तुति से किया गया। साहित्यिक महोत्सव में मंगलवार को भी सुबह 10 बजे से देर शाम तक नामचीन हस्ताक्षरों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

## मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास हुई दुर्घटना

# उमरा के लिए जा रही बस हादसे की शिकार, 45 भारतीयों की मौत

**NEW DELHI @ PTI :** सऊदी अरब में सोमवार की देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और इसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार हैदराबाद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 9 नवंबर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवंबर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से मदीना गए थे। 4 लोग मक्का में रुक गए थे।

- डीजल टैंकर से टकराने के बाद धू-धू कर जल गया वाहन, सिर्फ एक शख्स बचा
- मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल
- हादसे के समय सो रहे थे कई यात्री, नहीं मिला बचने का मौका

### हैदराबाद के एक ही परिवार के थे 18 लोग

दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था।



### 12 मृतकों की हो सकी है पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है।

### भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा, सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए , जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 24*7 कंट्रोल रूम बनाया हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं-79979-59754 और 99129-19545। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बस दुर्घटना पर दुख जताया है।

## बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना को सुनाई गई सजा-ए-मौत



**NEW DELHI @ PTI :** सोमवार को बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले वर्ष जुलाई में उनकी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान किए गए 'मानवता के विरुद्ध अपराधों' के लिए एक विशेष न्यायाधिकरण द्वारा उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई। महीनों तक चले मुकदमे के बाद अपने फैसले में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अवामी लीग नेता को हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार बताया, जिसमें सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। पिछले वर्ष पांच अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बांग्लादेश से भागने के बाद से हसीना भारत में रह रही हैं। इससे पहले अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था।

- एक विशेष न्यायाधिकरण ने विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों की हत्या का माना दोषी
- फैसले में बताया गया- हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार
- पिछले वर्ष बांग्लादेश से भागने के बाद से भारत में रह रहीं हसीना

### गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी फांसी की सजा

ट्रिब्यूनल ने 5 में से दो मामले (हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए) मौत की सजा दी। बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। ट्रिब्यूनल ने दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी 12 लोगों की हत्या का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का एलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं। कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है।

### हसीना बालीं- गैरअधिकृत न्यायाधिकरण का फैसला

अपनी प्रतिक्रिया में हसीना ने कहा कि यह फैसला एक गैरअधिकृत न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। आरोप लगाने वालों का सामना उचित न्यायाधिकरण में करने से नहीं डरतीं, जहां साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और परीक्षण किया जा सकता है।

### हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की मांग

फैसले के बाद यूनुस सरकार ने भारत सरकार से शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की मांग की है। पीएम ऑफिस वाला ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे।

## राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दी मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी

# बिहार में विधानसभा भंग करने की सिफारिश

**AGENCY PATNA :** सोमवार को नीतीश कैबिनेट की बैठक में विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। नीतीश कुमार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के फैसले से संबंधित पत्र सौंपा, जिसमें 19 नवंबर को विधानसभा भंग किए जाने की जानकारी दी गई। कैबिनेट की बैठक में एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर नीतीश कुमार को बधाई दी गई है। विजय चौधरी ने बताया कि बैठक के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 19 नवंबर को निवर्तमान सरकार के प्रमुख के रूप में राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। मंगलवार को जदयू विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है।

### नेता चुनने के लिए आज जदयू और भाजपा विधायक दल की होगी बैठक

कल इस्तीफा दे सकते हैं सीएम नीतीश, 20 नवंबर को हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

### राजद विधायक दल के नेता बने तेजस्वी

सोमवारको राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नवनिर्वाचित विधायकों ने सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। विधानसभा चुनाव में राजद 143 सीट पर मैदान में थी लेकिन 25 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह ने बताया, नवनिर्वाचित विधायकों ने सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुना। बैठक में पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती और जगदानंद सिंह सहित पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद थे। बैठक में शीर्ष नेताओं और विधायकों के साथ चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### दिल्ली ब्लास्ट में एनआईए ने आतंकी उमर को माना सुसाइड बॉम्बर

**RANCHI :** 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास आतंकी धमाके में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का संदेह है। दूसरी और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बताया है कि कार चला रहा डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और ट्राई एसीटोन ट्राई पराक्साइड (टीएटीपी) के ट्रेस मिले हैं। एजेंसियां इसे शुरूआती सुराग मान रही हैं और इस एंगल से भी जांच कर रही हैं। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से आतंकी उमर के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया। आरोप है कि जसीर आतंकी उमर को टेक्निकल सपोर्ट देता था। विस्फोट के लिए ड्रोन मॉडिफाई करता था और रॉकेट बनाने की भी कोशिश की थी।

- सुरक्षा एजेंसियों को घटना में जूता बम के इस्तेमाल का शक
- श्रीनगर से उमर का एक और साथी गिरफ्तार

**न्यू स्टडी** लंबे समय तक अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने विश्लेषण के साथ दी जानकारी

# दिमाग की संरचना को भी प्रभावित करती है गर्भावस्था

**PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :** चिकित्सकीय रूप से किसी भी महिला के जीवन के लिए गर्भावस्था एक विशेष स्थिति होती है। इस दौरान शारीरिक संरचना से लेकर जैविक क्रियाओं में परिवर्तन की बात सामान्य रूप से चिकित्सा वैज्ञानिक बताते हैं। चूंकि मां के गर्भ में पल रहे बच्चे का पोषण मां के रक्त से होता है, इसलिए इस पीरियड में रक्त संचार से लेकर पाचन, श्वसन, स्वाद और गंध तक की प्रक्रिया पर असर होता है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक रिसर्च करने के बाद यह महत्वपूर्ण जानकारी दी है कि गर्भावस्था से महिला के केवल शरीर में ही परिवर्तन नहीं आता, बल्कि इस दौरान मस्तिष्क की संरचना पर भी असर पड़ता है। नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने विस्तार से विश्लेषण के साथ बताया है कि कैसे गर्भधारण से लेकर प्रसव के बाद तक मस्तिष्क में ऐसे भी बदलाव आते हैं, जो जीवनभर कायम रह सकते हैं। शोधकर्ताओं ने प्रिसिशन ब्रेन इमेजिंग तकनीक का इस्तेमाल करके गर्भवती महिलाओं के दिमाग की संरचना को स्कैन किया। यह पहली बार हुआ कि गर्भावस्था के हर चरण में मस्तिष्क पर पड़े प्रभाव को व्यवस्थित रूप से दर्ज किया गया।

### रिसर्च के दौरान प्रिसिशन ब्रेन इमेजिंग तकनीक का शोधकर्ताओं ने किया इस्तेमाल

### माइंड में कुछ भाग के सिकुड़ने और कहीं मजबूती का किया गया है आकलन

- पहली बार इस अवधि में मस्तिष्क पर पड़े प्रभाव को व्यवस्थित रूप से किया गया दर्ज
- रक्त संचार से लेकर पाचन, श्वसन, स्वाद और गंध तक की प्रक्रिया पर होता है असर
- इस पीरियड के बाद ब्रेन में कुछ परिवर्तन अस्थायी, तो कुछ आजीवन रहते हैं मौजूद



महिलाओं को सहानुभूतिपूर्ण व संवेदनशील बनाने में सहयोग करते हैं दिमागी परिवर्तन

### मातृत्व की प्रवृत्ति से भावनात्मक जुड़ाव

नतीजों में पाया गया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के दिमाग में कुछ हिस्से सिकुड़ते और कुछ हिस्से मजबूत होते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक ये बदलाव महज अस्थायी नहीं हैं, बल्कि कुछ संरचनात्मक परिवर्तन स्थायी भी हो जाते हैं। आगे के लिए इस स्थिति का सीधा संबंध मातृत्व की प्रवृत्ति, भावनात्मक जुड़ाव और बच्चे की देखभाल की क्षमता से जोड़कर भी वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं।

### बच्चों की जरूरतों को समझने की कैपेसिटी

इस रिसर्च से जुड़ीं यूनिवर्सिटी ऑफ बर्सिलोना की न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एलिसा ई. ह्यूज के अनुसार, गर्भावस्था मस्तिष्क को इस तरह री-वायर करती है कि महिला को बच्चे की आवश्यकताओं को समझने और ख्याल रखने की क्षमता बेहतर ढंग से मिल सके। यह प्राकृतिक अनुकूलन है। इसे हम वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कर पा रहे हैं। शोध में यह भी सामने आया है कि मातृत्व के दौरान यह दिमागी परिवर्तन महिलाओं को सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील बनाने में सहयोग करते हैं। भविष्य में यह अध्ययन प्रसवोत्तर अवसाद, चिंता और मातृ मानसिक स्वास्थ्य नीतियों को आकार देने में अहम साबित हो सकता है। इसके साथ विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि अत्यधिक तनाव, नींद की कमी और सामाजिक सहयोग का अभाव इन सकारात्मक परिवर्तनों को कमजोर कर सकता है।

## हिमालयी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर

# गुमला सबसे ठंडा जिला 6.6 डिग्री पर पहुंचा पारा

**PHOTON NEWS RANCHI :** हिमालयी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर अब झारखंड में साफ दिखने लगा है। जिस तापमान की दस्तक आमतौर पर दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होती थी, वह इस बार नवंबर की शुरुआत से ही महसूस की जा रही है। राज्य के कई जिलों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है, जिससे सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में दर्ज किया गया। यहां पारा लुढ़क कर 6.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे ठंड का असर और तेज महसूस हुआ। मौसम विभाग

के अनुसार, 18 से 23 नवंबर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। लेकिन, बाद में मौसम साफ रहेगा। 18 नवंबर को सात जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है। इन जिलों में गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा शामिल हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

BRIEF NEWS

## अवैध खनन पर कार्रवाई, बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**RAMGARH :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से कार्रवाई की गई है। डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर सोमवार को गोला थाना की ओर से डीएमओ को सूचित किया गया है कि झरिया गढा मोड के पास से दो ट्रैक्टर के चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गये। बालू लदे दोनों ट्रैक्टर को गोला थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस आलोक में डीएमओ के आदेश पर माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह के जरिये जांच की। जांच के क्रम में उपरोक्त बालू लदे दोनों ट्रैक्टर वाहन के डाला के अन्दर 100-100 घन फीट बालू लदा हुआ पाया गया। जांच के क्रम में उक्त दोनो ट्रैक्टर वाहनो पर लदे बालू से संबंधित परिवहन चालान नहीं पाया गया। इसके बावत खनन राजस्व का क्षति के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिए गए दो वाहन

**CHAIBASA :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मझगांव विधानसभा क्षेत्र के तांतनगर प्रखंड के कोकचो ग्राम संगठन में महिलाओं के सशक्तिकरण और आजीविका उन्नयन पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मझगांव विधायक निरल पुर्ती और जिला परिषद सदस्य जवाहर बोयपाई उपस्थित हुए। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) की महत्वाकांक्षी आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना (AGEY) के तहत महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को दो टाटा मैजिक वाहनों का वितरण किया गया, जिन्हें विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। AGEY, DAY-NRLM की एक उप-योजना है, जिसके माध्यम से SHG सदस्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित व सस्ती परिवहन सेवा शुरू करने का अवसर मिलता है। योजना के तहत लाभुक महिलाओं को वाहन खरीदने के लिए 6.5 लाख रुपये तक का बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकें।

## गंगा-सतलुज एक्सप्रेस में यात्री की मौत

**DHANBAD :** बनारस से धनबाद आ रही गंगा सतलुज एक्सप्रेस में दिवाकर कुमार (35) नामक याात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जीआरपी को सोमवार सुबह सूचना मिली थी कि ट्रेन में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम अलर्ट हो गई और ट्रेन के धनबाद स्टेशन पहुंचते ही दिवाकर को नीचे उतारकर रेलवे अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गजेंद्र राम उनके चचेरे भाई ने बताया कि एक माह पहले दिवाकर के पिता का निधन हुआ था, जिसके बाद वह बनारस गंगा स्नान करने गए थे। चचेरे भाई गजेंद्र राम ने बताया कि ट्रेन धनबाद पहुंचने से लगभग 10 मिनट पहले उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आशंका है कि ठंड लगने और हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हुई होगी।

# महिला ने प्रेमी संग मिलकर पति की रस्सी से गला घोंटकर कर दी हत्या

## डेढ़ साल से था अफेयर, पति करता था विरोध

**AGENCY PALAMU :** झारखंड में पलामू जिले में पांकी के आसेहार के टिटही टोला में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या की इस वारदात के बाद परिजनों ने आरोपितों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान उदय यादव (38) के रूप में हुई है। घटना रविवार देर रात की है और सोमवार दोपहर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया है। मृतक के भाई संजय कुमार यादव ने बताया कि उसके भाई की हत्या उसकी भाभी रंजू देवी ने अपने प्रेमी लेस्लीगंज के चौरा

उदय यादव की फाइल फोटो

निवासी चंदन पासवान के साथ मिलकर की है। चंदन और उसकी भाभी के बीच डेढ़ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों अक्सर बातचीत करते थे, जिससे पति-पत्नी के बीच हमेशा झगड़ा होता था। पत्नी लगातार अपने पति को जान से मारने की धमकी देती रहती थी। संजय ने बताया कि रविवार रात उसकी भाभी और उसके प्रेमी ने मिलकर उसके भाई की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। कुछ देर तक तो भाभी नासमझी का नाटक करती रही, लेकिन बाद में स्थिति साफ हो गई। गला घोंटने में इस्तेमाल की गई रस्सी भी घटनास्थल पर ही मिली। भाभी और उसके प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके दो बच्चे हैं, एक 11 साल का और दूसरा 8 साल का।

जानकारी के मुताबिक, महिला का प्रेमी चंदन पेशे से ड्राइवर है। वह अक्सर अपने काम को लेकर गांव में राजेश सिंह से मिलने आता था। इसी दौरान उसका संजय की भाभी से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया।

## पति की पिटाई से नाराज नवविवाहिता ने की खुदकुशी

**AGENCY PALAMU :** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ बहेरा कला गांव में पति की पिटाई से नाराज होकर नवविवाहिता ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। घटना रविवार देर शाम की है। महिला की पहचान पूजा कुमारी (25) के रूप में हुई है। इधर, मायके पक्ष से चांदो निवासी भाई बिमलेश कुमार सिंह ने पति, सास, देवर और चाची पर हत्या का आरोप लगाया है। शव का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में सोमवार को किया गया। जानकारी के अनुसार पूजा देवी का पति घर से बाहर था। लौटने पर पत्नी ने पूछा कि इतनी देर कहां थे। सवाल पूछने पर पति ने गुस्से में आकर उसकी हल्की पिटाई कर दी। पूजा ने नाराज होकर पहले गांव के कुएं में कूद कर खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन उसे बचा लिया गया। हालांकि घर लाए जाने के बाद उसने कमरे में घुसकर फांसी

पूजा कुमारी की फाइल फोटो

लगा ली। किसी तरह दरवाजा खोलकर पूजा को फंदे से उतारा गया। तबतक उसकी मौत हो गयी थी। सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। एमएमसीएच पुलिस चौकी की सहायक अवर निरीक्षक पुष्पा डोडराय ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई के अनुसार 6 महीने पहले पूजा की शादी अपने सामर्थ्य के अनुसार की थी, लेकिन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था।

उसने आरोप लगाया कि उसके बहन की दहेज नहीं मिलने के कारण पिटायी करके फंदे पर लटका कर हत्या कर दी गयी। भाई के अनुसार पूजा के पति का अवैध संबंध उसकी चाची के साथ है। इधर, पति हरेन्द्र ने बताया कि मामूली डांट फटकार के बाद पूजा ने फांसी लगा ली थी। उसने कहा कि पूजा का किसी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसके शरीर पर संबंधित प्रेमी का नाम भी लिखा हुआ है। उससे उसे कई बार प्रेमी से बातचीत करते हुए पकड़ा था। हरेन्द्र ने बताया कि उसकी पत्नी गुस्से में दो मोबाइल फोन तोड़ दिया था। बावजूद इसके उसकी हरकत में कोई सुधार नहीं हुआ।

## मानगो में तेज रफ्तार ऑटो ने ले ली वृद्ध की जान, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**PHOTON NEWS JSR :** मानगो में एक तेज रफ्तार ऑटो ने एक वृद्ध की जान ले ली। मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 10 के पास सोमवार की दोपहर एक दर्दनाक दुर्घटना में 68 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना करीब 12.30 बजे की है। दीन मोहम्मद अचानक जब सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में उन के सिर में गंभीर रूप से चोट लग गई। इसके चलते उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने घायल को फौरन एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीन मोहम्मद जवाहरनगर रोड नंबर 11 के रहने वाले थे और दवा लेने के लिए घर

अस्पताल पहुंची पुलिस

से निकले थे। उनकी मौत से घर में लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर आटो चालक के खिलाफ कार्रवाई करे। लोगों का कहना है कि मानगो में इन दिनों तेज रफ्तार आटो चलते हैं। इन पर किसी का अंकुश नहीं है। ट्रैफिक पुलिस भी इन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। उधर, टेंपो चालक एमडी अहम्मद ने इस हादसे पर सफाई दी है। वह इस हादसे में मृतक दीन मोहम्मद की ही गलती बता रहे हैं। उनका कहना है कि वह चेपापुल की तरफ से टेंपो लेकर आ रहा था। तभी वृद्ध का पैर डिवाइडर में अटक गया और वे सीधे टेंपो के शीशे पर गिर पड़े। अब चालक सही बोल रहा है या नहीं पुलिस ही इसकी जांच कर सकती है। पुलिस को इस मामले में सीसीटीवी फुटेज देखनी चाहिए। सीसीटीवी फुटेज देख कर ही पता चलेगा कि वास्तव में क्या हुआ था। इधर परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## साइबर गैंग का भंडाफोड़ चार आरोपी गिरफ्तार

**HAZARIBAG :** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान 19 एटीएम कार्ड, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग साइबर ठगी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सदर के अपर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्राम डुमर के सरौनी खुर्द जंगल के पास संदिग्ध रूप से खड़ी दो कारों को रोका। कारों की तलाशी के दौरान राजू वर्मा और शिवा कुमार के पास से 19 एटीएम कार्ड, बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद मिले। प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे ग्रामीणों को आसान लाभ का लालच देकर उनसे एटीएम कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद साइबर गिरोह की ओर से भेजी गई ठगी की रकम को विभिन्न एटीएम से निकालकर कमीशन के आधार पर अपने मास्टर माइंड तक एटंचाते थे।

## बिष्टुपुर में चोरी के दो मामलों का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई दो बड़ी चोरी की वारदातों का पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए खुलासा कर लिया है। दोनों मामलों में विशेष अनुसंधान टीम ने पेशेवर तरीके से काम करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी की गई टाटा सुमो समेत लाखों का सामान बरामद किए हैं। पहली घटना 11 नवंबर की है, जब धतकीडीह सेंटर मैदान के पास खड़ी टाटा सुमो को अज्ञात अपराधियों ने चोरी कर लिया था। वादी शौकत हुसैन के आवेदन पर मामला दर्ज होने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई। टीम ने शहर भर के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की और मानवीय व तकनीकी जानकारी के आधार पर चोरी हुई वाहन को कपाली-

जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

कर उसे गिरफ्तार कर लिया.

कांदरबेडा क्षेत्र से बरामद कर लिया। इस मामले में दो आरोपी फैजल अख्तर और फरहान अंसारी उर्फ इमरान को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य फरार अपराधियों की तलाश जारी है। दूसरी वारदात 6 नवंबर की रात सीएच एरिया रोड नंबर-03 स्थित एक फ्लैट में घटी। अज्ञात चोर ने फ्लैट में घुसकर दो लैपटॉप, मोबाइल, हेडफोन, पर्स, स्मार्ट वॉच और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी कर ली थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सुनील पूर्ति उर्फ 'मुर्गी' की पहचान

# बोकारो में हाथियों का उत्पात जारी आठ दिनों में गई तीन की जान

**AGENCY BOKARO :** गोमिया प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आठ दिनों के भीतर हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई कारगर पहल नहीं किए जाने से इलाके में भारी रोष है। ताजा घटना कुंदा पंचायत के खरखण्डा गांव की है, जहां बीते रविवार देर रात लगभग 11 बजे झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी गांव में घुस आया। उसने कई घरों के दरवाजे और दीवारों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की। इसी दौरान स्थानीय महिला सांझो देवी (60) पर हाथी ने हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक, हाथी के धक्के से दरवाजा हिलने की आवाज सुनकर महिला बाहर की

सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

ओर गई। जैसे ही उसने दरवाजा खोला, हाथी ने उसे सूंढ़ में उठाकर घसीटते हुए कुछ दूर ले जाकर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ललपनिया-रामगढ़ हीरक रोड पर मृतका का शव रखकर जाम कर दिया। देर शाम तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आठ दिनों के भीतर ही तिलैया गांव के दो युवक झ प्रकाश महतो और चरकु महतो की हाथी के हमले में मौत हो चुकी है। इसके बावजूद हाथियों को भगाने या ग्रामीणों को सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

## चाईबासा में टोटो चालकों के साथ परिवहन अधिकारी करेंगे मीटिंग

समाहरणालय सभागार में बैठक को संबोधित करते उपायुक्त चंदन कुमार

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक अमित रेनू, तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न पुलिस पदाधिकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोड कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की शुरूआत जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने पिछले वर्षों के हादसों और मृत्यु के आंकड़े, वर्ष 2024-25 के तुलनात्मक डेटा, जिले में जारी सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, नियम तोड़ने वालों पर की जा रही कार्रवाई तथा रोड कंस्ट्रक्शन विभाग द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक उपायों की जानकारी दी। दुर्घटनाओं की समीक्षा के बाद जिला उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर बार-बार हादसे हो रहे हैं, वहां राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करें।

# बर्थडे पार्टी में गया था टीआरएफ कर्मी, रहस्यमय हालत में हुई मौत

**PHOTON NEWS JSR :** मानगो थाना क्षेत्र के दाईगुट्टू कावेरी रोड के रहने वाले टीआरएफ में कर्मी 35 वर्षीय संजीत कुमार उपाध्याय की रहस्यमय हालात में मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। परिजनों का आरोप है कि दोस्तों ने उन्हें बर्थडे पार्टी के दौरान जहरीली शराब पिलाकर मौत के घाट उतारा। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के अनुसार शनिवार की रात संजीत अपने दोस्तों राहुल तिवारी, रमेश, तेज प्रताप सिंह, तेजू, मोहन सिंह, विजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह और आकाश के साथ एक बर्थडे पार्टी में गए थे। पार्टी के दौरान ही साथियों ने उन्हें शराब पिलाई। इसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। तबीयत

बर्थडे पार्टी की तस्वीर • फोटोन न्यूज

खराब होने पर दोस्तों ने संजीत के बड़े भाई को फोन कर बुलाया। भाई उन्हें घर लेकर आए और कमरे में सुला दिया। उस वक्त उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी मायके गई हुई थीं। अगली सुबह जब संजीत नहीं उठे, तो परिजन उन्हें तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि संजीत के साथ पार्टी में शामिल सभी युवक घटना के बाद से फरार हैं और मानवीय आधार पर मिलने तक नहीं आए। इससे दोस्तों पर परिवार का शक गहरा गया है।

परिवार का आरोप है कि यह केवल हादसा नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस सभी आरोपियों की तलाश में जुटी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

**आयोजन** एसकेएमयू के नौवें दीक्षांत समारोह में 115 छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई उपाधि व मेडल

# विकसित भारत को साकार करने में युवा निभाएं भूमिका : राज्यपाल

- दुमका के संत जेवियर्स कॉलेज की छात्रा तृप्ति शोभा मरांडी को मिली बेस्ट ग्रेजुएट की उपाधि

**PHOTON NEWS DUMKA :** दुमका के कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने में युवा अहम भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है। युवा इस लक्ष्य को सामने रखकर अपनी भूमिका तय करेंगे, तभी यह सपना साकार होगा। कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं से

कार्यक्रम में छात्रा को डिग्री प्रदान करते गवर्नर संतोष कुमार गंगवार

कहा कि वे शोध व नवाचार के माध्यम से नई संभावनाएं विकसित कर समाज व देश की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करें। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र ही नहीं, जनजातीय संस्कृति व परंपराओं के विरासत का संरक्षक भी है। यह विश्वविद्यालय समग्र विकास के सशक्तीकरण का माध्यम है। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की भूमिका जनजातीय समस्याओं के समाधान व इनके संरक्षण को लेकर अहम है। हमारे समक्ष पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियां हैं, जिसे खत्म करने के लिए शोध व नवाचार को बढ़ावा देकर नई संभावनाएं तैयार करने की जरूरत है। जनजातीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाना और स्थानीय समस्याओं पर आधारित शोध को बढ़ावा देना विश्वविद्यालयों का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि छात्र कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और सामाजिक चुनौतियों का समाधान ढूंढने की दिशा में गंभीरता से पहल करें। छात्रों की शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब वे झारखंड के गांवों, दलित व जनजातीय समाज को सशक्त करेंगे। कहा कि यह डिग्री उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि इसकी महत्ता समाज व राष्ट्र के विकास के लिए अहम है। यह सपना तभी साकार होगा जब युवा राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कहा कि आत्मनिर्भर व नवोन्मेषी राष्ट्र निर्माण कर युवा देश को नई ऊंचाईयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करें। अपने ज्ञान कौशल व संकल्प से समाज व देश को विकसित बनाएं। कहा कि युवा पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन राष्ट्र के सर्वोच्च हित में करें। इस मौके पर 115 छात्र-छात्राओं को उपाधि व मेडल प्रदान किया गया, जिसमें 67 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और 37 को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। इसमें बेस्ट ग्रेजुएट के तौर पर संत जेवियर्स कालेज महारो की गणित संकाय की छात्रा तृप्ति शोभा मरांडी को प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह के उपरांत कुल 33697 छात्र-छात्राओं को इन एबसेंसिया डिग्रियां प्रदान की गई। इस मौके पर कुलपति प्रो. डॉ. कुनुल कंडीर ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को रखा।

## निशा हत्याकांड में दोषी को हुई आजीवन कारावास की सजा

**DHANBAD :** कोर्ट ने निशा कुमारी हत्याकांड मामले में सजा के बिंदु पर सोमवार को अपना फैसला सुना दिया है। पिछले दिनों जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम विजय कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने हत्या के आरोपित नीरज आनंद को दोषी माना था। इसके बाद सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए नीरज आनंद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक समित प्रकाश ने बताया कि 21 जनवरी 2024 को बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा स्थित टाटा म्यूचुअल फंड के दफ्तर में निशा कुमारी की हत्या हुई थी। मामले में डेढ़ साल के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। इस फैसले से पीड़ित परिवार संतुष्ट हैं। वहीं मृतका के पति की तरफ से अधिवक्ता विकास भुवानिया ने बताया कि म्युचुअल फंड के मैनेजर नीरज आनंद को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सोमवार को सुनवाई की तारीख तय की थी। इधर, मृतका के पति ने बताया कि कोर्ट के फैसले से पूरी तरह से वह संतुष्ट हैं। उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी 2024 को कार्यालय में बुला कर नीरज ने शादीशुदा निशा को चाकू गोद कर हत्या कर दी थी। तीन दिन बाद पुलिस ने नीरज को सरायढेला क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

# घर में शराब पी, ड्राई फ्रूट खाया, फिर ले उड़े लाखों

**KODERMA :** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के बैजनाथ नगर में बीती रात चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाया, जिससे पूरे इलाके में दहशत और बेचैनी फैल गई है। वारदात के दौरान चोर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवारों के मुताबिक, चोर इतने बेखौफ थे कि घर में घुसने के बाद उन्होंने आराम से शराब पी और खाने-पीने का सामान भी खा लिया। किचन में ड्राई फ्रूट बिखरे मिले, जबकि कच्चा पनीर भी गायब पाया गया। मौके से शराब की बोतल बरामद होने के बाद संदेह गहरा गया है कि चोरों ने वारदात से पहले घर में बैठकर शराब पी और फिर पूरी तैयारी के साथ चोरी को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोरों ने रातभर इलाके में घूमकर तीन

चोरी के बाद खुली अलमारी व बिखरा सामान

घरों में सेंध लगाने की कोशिश की। इनमें से एक जगह विरोध या किसी बाधा के कारण वे चोरी नहीं कर सके, लेकिन बाकी दो घरों से उन्होंने कीमती सामान, कैश और गहने उड़ा लिए। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

BRIEF NEWS

## रोलिंग ब्लॉक के कारण रांची मंडल की ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

RANCHI : दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। ऐसे में रांची रेल मंडल से चलने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसका शेड्यूल रेलवे ने जारी कर दिया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 18602/18601 हटिया टाटानगर हटिया एक्सप्रेस 22 नवंबर को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 18 नवंबर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटा विलंब से और 19 नवंबर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 2 घंटे विलंब से हटिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर हटिया एक्सप्रेस 23 नवंबर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 2 घंटे विलंब से खड़गपुर स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

## विज्ञान व कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

PITHAURIYA : सोमवार को कांके प्रखंड के कोनकी स्थित के गुडविल पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मौके पर मुख्य अथिति के रूप मे पहुंचे कांके विधायक सुरेश बैठा ने विद्यालय के शिक्षकों की तारीफ की। कहा कि विद्यालय में अनुशासन अच्छा है और यहां के छात्र-छात्राओं द्वारा जो प्रदर्शनी लगाई गई है, इससे साफ जाहिर होता है कि यहां के शिक्षक शिक्षा के प्रति बहुत मेहनती हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्रा पूजा कुमारी ने विधायक का सुंदर चित्र ड्रॉइंग बनाकर सम्मानित किया।

## एजी चर्च हाई स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

RANCHI : एजी चर्च हाई स्कूल तिरिल डेला टोली कोकर में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान एनुअल स्पोर्ट्स का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रिंसिपल अजय कुजूर की। उन्होंने बच्चों को सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का महत्व बताते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। एनुअल स्पोर्ट्स के दौरान स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, चॉकलेट दौड़, बोरी दौड़ सहित कई प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में भाग लिया। पूरे आयोजन में बच्चों ने खेल भावना और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में ब्लू हाउस विजेता बना, जबकि रेड हाउस उप विजेता घोषित हुआ। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना के साथ हुआ, जिसे देवघरिया उरांव ने संपन्न कराया।

# जिनका कोई ठिकाना नहीं, उनके लिए शेल्टर होम में 200 बेड तैयार

■ लोगों को कंबल भी दिए जाएंगे, नहीं देना है कोई चार्ज ■ ठंड से बेघरों को बचाने की रांची नगर निगम की पहल

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी में ठंड का कहर जारी है। कंपाने वाली ठंड ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे में जिन लोगों का कोई ठिकाना नहीं है, उन्हें ठंड से बचाने के लिए रांची नगर निगम ने कमर कस ली है। नगर निगम ने शहर के एक दर्जन शेल्टर होम में तैयारी कर ली है, जहां पर 200 बेड तैयार रखे गए है। इन शेल्टर होम में आने वाले लोगों को कंबल भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा शेल्टर में होम में जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे कि लोगों को इमरजेंसी में दवा मिलेगी। रांची नगर निगम ने इस बार बेघरों को राहत पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर में रहने वाले ऐसे लोग जिनके पास रात गुजारने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं है उन्हें रेस्क्यू कर शेल्टर होम पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही हर बेड पर लोगों को कंबल भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे ठंड से बच सकें। बता दें कि प्रतिदिन तापमान गिर रहा है। जिसके कारण बेघर और असहाय लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रात के समय खुले में रात गुजारना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने पहले से मौजूद शेल्टर होम को दुरुस्त किया है। जरूरत पड़ने पर नए अस्थायी शेल्टर होम भी बनाए जाएंगे।

### किस शेल्टर होम में कितने बेड

- बिरसा मुंडा बस टर्मिनल परिसर, खादगड़ा, रांची (पुरुष) : 50
- धुर्वा बस स्टैंड के समीप : 16
- एजी मोड़ डोरंडा के समीप : 10
- मधुकम चूना भट्ठा : 16
- रिम्स परिसर : 19
- बिरसा मुंडा बस टर्मिनल परिसर, खादगड़ा, रांची (महिला) : 49
- बकरी बाजार : 10
- कर्बला चौक के समीप : 10
- जगन्नाथ मंदिर के समीप : 16
- आईटीआई बस स्टैंड के समीप : 10

### प्रशासक ने किया निरीक्षण

नगर प्रशासक सुशांत गौरव ने खादगढ़ा स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण भी किया। जहां उपलब्ध सुविधाओं को संतोषजनक पाया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए विशेष रेस्क्यू टीमें गठित की जाएं। साथ ही कहा कि आश्रयविहीन और जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें निकटतम आश्रय गृहों तक सुरक्षित पहुंचाएं। उन्होंने सभी जगहों पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, बिस्तर, गर्म कपड़े और मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहने चाहिए। निगम की टीमें 247 सक्रिय एक्टिव रहते हुए सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति ठंड में सड़क पर रात बिताने को मजबूर न हो। नगर प्रशासक ने शहरवासियों से भी अपील की है कि यदि वे किसी बेघर व्यक्ति को ठंड में बाहर सोता देखें तो शेल्टर होम की जानकारी दें। इसके अलावा लोग हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकते है।

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की उद्यान विभाग की समीक्षा, कहा-

# योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को करना होगा काम

- अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से ली जानकारी
- हर स्कीम के क्रियान्वयन की समय-सीमा को लेकर दिया सख्त निर्देश
- कॉल सेंटर में किसानों के साथ की बात योजनाओं का लाभ लेने की अपील

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय पहुंचकर उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक अचानक हुई, जिसमें मंत्री ने विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान कृषि मंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके अलावा कई समस्याओं पर चर्चा की, जो योजनाओं के सही क्रियान्वयन में बाधक बन रही है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं को गति देने के लिए केवल शोकॉज या कार्रवाई करने से काम नहीं चलेगा। रचनात्मक सोच और ठोस कार्य योजनाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को नए दृष्टिकोण और कार्ययोजना के साथ काम करना होगा। साथ ही यह भी कहा कि योजनाओं में आ रही अड़चनों को हल करने के लिए अधिकारी सुलझाने के उपायों पर काम करें,ताकि अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच सके। कृषि मंत्री ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और अन्य योजनाओं के संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि किसानों को जल्द से जल्द इनसे लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन की समय सीमा को लेकर सख्त निर्देश दिया, जिससे कोई योजना समय पर पूरी हो सके और किसानों को फायदा पहुंचे।

### ऑपरेटरों को दिया जाए प्रशिक्षण

बैठक के बाद शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय में स्थित किसान कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण भी किया। मंत्री ने कॉल सेंटर में बैठकर किसानों से बात की और विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कॉल सेंटर में काम कर रहे ऑपरेटरों को विभाग की योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी देने और उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं के बारे में जानकारियां दी जाएं। किसी भी कृषि संबंधित समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 18001231136 पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसानों से अपील की कि वे कॉल सेंटर पर अपनी कृषि से संबंधित परेशानियों का समाधान प्राप्त करें।

### झारखंड की नई पहचान बनेगा लाह उत्पादन

RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में आयोजित सात दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने लाह उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि लाह की मांग अब देश तक ही सीमित नहीं रही, अब तो विदेशों में भी लाह की मांग तेजी से बढ़ रही है। अगर आपका उत्पाद बेहतर होगा, तो आपके उत्पाद का बाजार मूल्य भी बढ़ेगा। गांव-पंचायत को अगर कलस्टर के तौर पर विकसित कर लाह के क्षेत्र में काम किया जाए, तो लाह के उत्पादन में झारखंड की एक नई पहचान बनेगी। मंत्री ने कहा कि लाह के उत्पादन से जुड़ कर कई किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव पहले ही आ चुका है और अब मास्टर ट्रेनर्स के इस प्रशिक्षण से लाह उत्पादन से जुड़े किसानों का बड़ा फायदा होने जा रहा है। झारखंड में किसानों के सहयोग से एक दुरुस्त इको सिस्टम बनाना है। सरकार फिलहाल सहयोग की भूमिका में है। उन्होंने कहा कि लाह की खेती झारखंड के लिए कोई नई बात नहीं है, यहां के लोग पारंपरिक रूप से लंबे समय से इस खेती से जुड़े रहे हैं। किसानों को प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने के लिए व्यापक कदम उठाए जाने चाहिए।

## राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को 22 नवम्बर, 2025 को आयोजित झारखण्ड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। दूसरी ओर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

## होल्डिंग टैक्स का भुगतान न करने वाले 100 बड़े बकाएदारों को मिला नोटिस

RANCHI : रांची नगर निगम होल्डिंग टैक्स बकाएदारों को राहत देने के मूड में नहीं है। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2025-26 की चौथी तिमाही तक बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान न करने वाले 100 होल्डिंग धारकों को नोटिस जारी किया है। निगम ने चेतावनी दी है कि इन धारकों ने यदि सात दिनों के अंदर अपना बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो नागरिक सेवाओं को स्थायी या अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। यह कार्रवाई झारखंड नगरपालिका अधिनियम के तहत की जा रही है। इसके बाद डोर टू डोर और वाटर सप्लाई को बंद कर दिया जाएगा।

टॉप टेन बकाएदार और बकाया राशि : 1. चिकित्सक संघ डॉक्टर्स क्लब, केसी राय मेमोरियल हॉस्पिटल- 473725 रुपये। 2. सरोज देवी शर्मा, बजरा, इटकी रोड, साई आटो- 490004 रुपये। 3. लाली कच्छप, ताराबाबू लेन, थड़पखना- 534983 रुपये। 4. मंजूला देवी, हेसाग- 635000 रुपये 5. फूलवंती देवी, प्रगति इंक्लेव, न्यू अलकापूरी- 657184 रुपये। 6. डॉ, . सच्चिदानंद प्रसाद, रिम्स चौक, बरियातू- 731602 रुपये। 7. छोटानागपुर पब्लिक स्कूल, पीएचईडी आफिस, बूटी- 748408 रुपये। 8. इला रानी, कमल कुमार सिंह, प्रकाश यादव, कोकर, एचबी रोड- 984992 रुपये। 9. इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड मैनेजमेंट, पुंदाग-1205799 रुपये। 10. बिड़ला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, सर्कुलर रोड- 1654297 रुपये।

# विकसित भारत का संकल्प स्वदेशी अभियान से ही हो सकता है मजबूत : अरुण सिंह

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को स्वदेशी संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने किया। बैठक में अभियान की प्रदेश टोली, जिलाध्यक्ष, जिला टोली, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री सांसद और अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अरुण सिंह ने संबोधित किया। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की बुनियादी सुविधाओं में तीव्र विकास हो रहा। गांव गरीब किसान विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। एक नए भारत का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 100 वीं वर्षगांठ 2047 में विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है,और इस दिशा में कार्य हो रहे। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो अगले दो वर्षों में तीसरी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प स्वदेशी अभियान से ही मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने को ठान चुकी है। उन्होंने जनता के स्वदेशी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत संकल्प को पूरा करके विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

बैठक में भाग लेते प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य ● फोटोन न्यूज

## मंदबुद्धि-निराश्रितों की हुई स्वास्थ्य जांच

RANCHI : सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग में सोमवार को मंदबुद्धि दिव्यांग एवं निराश्रित प्रभुजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न्यूरो सर्जन डॉ. एच.पी. नारायण ने आश्रम में रह रहे सभी लोगों व सेवा कार्यकताओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार मरीजों को अपनी ओर से निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराईं। डॉ. एच.पी. नारायण ने आश्रमवासियों को स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और निरोग रहने के तरीकों को विस्तार से बताया। आश्रम की साफझसफाई और सेवा कार्य देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' है। जिन लोगों की कोई देखरेख नहीं, उन्हें आश्रय और सम्मानजनक जीवन देना सबसे बड़ा सामाजिक कार्य है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई बैठक

# कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने एसआईआर को लेकर सतर्क रहने का दिया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को कांग्रेस भवन में झारखंड के सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और लोकसभा-विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू उपस्थित रहे। उन्होंने राज्य में शुरू होने वाली स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा कि बिहार में हुए विवाद की तरह वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटने जैसी स्थिति झारखंड में न हो। इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना अनिवार्य है। उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिसंबर तक सभी बूथों पर बीएलए नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इस प्रक्रिया में सभी सांसद, मंत्री, विधायक और पूर्व प्रत्याशी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड के प्राकृतिक संसाधन राज्य को भाजपा के नेता निशाने पर रखते हैं। इसी कारण भाजपा चुनावी लाभ के लिए हर संभव हथकंडा अपना सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, चुनाव आयोग को जेबी संस्था की तरह उपयोग करते हुए आम मतदाताओं के नाम कटवाने की संगठित कोशिश कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ● फोटोन न्यूज

**खेल** अलग-अलग जिलों से 600 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हुए थे शामिल

# कराटे चैंपियनशिप में 21 स्वर्ण के साथ रांची ओवरऑल चैंपियन

- रांची की अनन्या ट्विंकल कुजूर गर्ल्स कैटेगरी में चैंपियन
- ब्वॉयज कैटेगरी में पश्चिम सिंहभूम के सत्यम गुप्ता को चैंपियन का खिताब

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ। बिशप स्कूल में आयोजित दूसरी सिकोकई चैंपियनशिप में मेजबान रांची के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरे स्थान पर पश्चिम सिंहभूम और तीसरे स्थान पर दुमका की टीम रही। चौथे स्थान पर धनबाद की टीम को संतोष करना पड़ा। इस दौरान हंसी संजय प्रसाद, मोहम्मद इस्लाम, अमित कुमार चौधरी, अंकित गोस्वामी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। रांची की अनन्या ट्विंकल कुजूर ने फीमेल कैटेगरी में चैंपियन का खिताब हासिल किया जबकि पश्चिम सिंहभूम के सत्यम गुप्ता ने मेल कैटेगरी में चैंपियन बने। अनुशासित टीम का खिताब धनबाद को मिला। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विशिष्ट अतिथि बिशप स्कूल के प्रिंसिपल आईए जैकब और शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ देवनिस खेस ने सम्मानित किया।

### खेल के प्रति बढ़ा खिलाड़ियों का रुझान

महुआ माजी ने कहा कि खेल के प्रति खिलाड़ियों का रुझान जिस प्रकार से बढ़ा है इसमें राज्य सरकार का भी बड़ा योगदान है। आईए जैकब ने कहा कि सभी स्कूलों में कराटे खेल को अनिवार्य विषय के रूप में रखना चाहिए। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि 55 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में जीत और हार खेल का हिस्सा है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 19 से 21 दिसंबर तक पटना में आयोजित सिकोकई ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

### ये हैं पदक विजेता खिलाड़ी

स्वर्ण पदक विजेता में रित्सिका अनवी (रांची), अनाया ट्विंकल कुजूर (रांची), जुबिन मरांडी (दुमका), नायरा निधि महतो (पश्चिम सिंहभूम), रियांश कुमार (पश्चिम सिंहभूम), आरोही गुप्ता (दुमका), परी कुमारी (रांची), सुनिधि एंजेल एक्का (रांची), मयंक कुमार दास (रांची), शाइनी सिमोना टोपो (रांची), वृष्टि मोनिका केरकेट्टा (रांची), निशित हिमतसिंघका (दुमका) शामिल हैं। रजत पदक जीतने वालों में यामी मुंडा (रांची), कुमारी आश्था (रांची), ध्रुव गुप्ता (रांची), तोषणी कंवर (रांची), साहिल कुमार महतो (रांची), दीपाली सिंह (रांची), काव्या अंजनी वर्मा (रांची) शामिल है।

### इनका रहा योगदान

अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की कुंदन उरांव, उमा शंकर महतो,प्रदीप डिक्रूज,आयुष सांगा,दीपशिखा तिग्गा, प्रतिभा तिग्गा,रितिका तिग्गा,आरती टोप्पो, अंजली कुमारी।

## अग्रसेन हितकारिणी सभा ने बच्चों में बांटे गर्म कपड़े

RANCHI : अग्रसेन हितकारिणी सभा, रांची ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती और बाल दिवस के अवसर पर राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय रातू प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को सेवा कार्य का आयोजन किया। इस अवसर पर सभा के सदस्यों ने विद्यालय के 108 बच्चों के बीच उनी कपडे का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों ने कविताएं सुनाईं, जबकि वरिष्ठ सदस्य रूपा अग्रवाल ने उन्हें हाव-भाव और अभिव्यक्ति के साथ कविता पढ़ने की कला सिखाई। बच्चों ने बताया कि उन्हें विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे हैं। जिन्हें चार शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षित किए जाते हैं। सभा के अध्यक्ष ओपी लाल ने कहा कि अग्रसेन हितकारिणी सभा हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के बीच सेवा के कार्य करती है।

## बेड़ो लाइब्रेरी का सदस्यता अभियान शुरू, गणमान्य लोगों ने ली मेंबरशिप

PHOTON NEWS BERO : सोमवार से प्रखंड मुख्यालय बेड़ो स्थित पब्लिक लाइब्रेरी में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के पहले दिन प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, प्रज्ञा केंद्र संचालक शाहिद अंसारी सहित कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर अभियान को गति दी। लाइब्रेरियन शमामा फातिमा ने बताया कि पाठकों के लिए मासिक शुल्क 50 रुपये तथा वार्षिक शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। लाइब्रेरी में सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए सुविधाजनक माहौल और भरपूर संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि लाइब्रेरी में सभी श्रेणी के पाठकों के लिए पुस्तकें, दैनिक अखबार, प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें व पत्रिकाए उपलब्ध हैं। शांत एवं सुरक्षित अध्ययन वातावरण, विद्युत और इंटरनेट की सुविधा, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सुथरे शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और पाठकों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन की सुविधा मिल सके।

# अक्षरों-किताबों के क्षीरसागर में गोते लगाते रहे सुधीजन

## साहित्य कला फाउंडेशन के साहित्यिक अनुष्ठान में नामी-गिरामी हस्तियों ने ज्ञान से किया ओतप्रोत

**PHOTON NEWS JSR :** साहित्य कला फाउंडेशन का दूसरा संस्करण एक नया इतिहास गढ़ने की ओर अग्रसर हो गया है। पहले दिन की शुरूआत भव्य तरीके से हुई। साहित्यकार-सह-राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी की गरिमामय उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया, तो साहित्य जगत के पुरोधा डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने इसे काफी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भाषा विज्ञान केंद्र की प्रोफेसर डॉ. गरिमा श्रीवास्तव ने पुस्तकों पर चर्चा करते नारी विमर्श को नया मोड़ दे दिया। इसी कड़ी में संथाली और भोजपुरी भाषा में हुए संवाद सत्र ने मील का पत्थर स्थापित किया।

इसी कड़ी में जब डॉ. कुंदन यादव ने बनारस की छौंक लगानी शुरू किया, तो सभी उसकी सुगंध में मदमस्त होते दिखे। संपादकों की गोष्ठी ने पत्रकारिता जगत की एक-एक मीन-मेख पर खुलकर बातें रख दीं। ठाकुरबाड़ी के संदर्भ में कहे गए किस्से भी श्रोताओं को लंबे समय याद रहेंगे। समापन सत्र संगीत के नाम रहा, जिसमें काव्यराग नामक बैंड ने दिन भर की थकान मिटा दी। अब बातें जरा विस्तार से...

बिष्टुपुर स्थित होटल एल्कोर में कार्यक्रम का आनंद उठाते गणमान्य ● फोटोन न्यूज

डॉ. भुजंग टुडू को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अमर सिंह (बाएं)

संदीप मुरारका को स्मृति चिह्न भेंट करते आनंद कुमार (बाएं)

### अभी शुरू हुआ है जनजातीय भाषाओं की समृद्धि का दौर

पहले दिन के कार्यक्रम का दूसरा सत्र- जनजातीय भाषाओं की ज्ञान परंपरा और किताबें- था, जिसमें साहित्य कला अकादमी से पुरस्कृत संताली साहित्यकार पद्श्री भुजंग टुडू व पत्रकार भादो माझी के साथ मॉडरेटर की भूमिका में शहर के संदीप मुरारका रही। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए दोनों वक्ताओं ने बताया कि संताली साहित्य का इतिहास महज 100 वर्ष पुराना है, इसलिए इसकी समृद्धि का दौर अभी शुरू हुआ है। टुडू ने भी इस बात को दोहराया कि जनजातीय साहित्य या संस्कृति वाचिक परंपरा से ही शुरू हुई है। लगभग 1894 में पहला साहित्य लोकगीत के माध्यम से लिखा गया था।

इसके बाद ओलचिकि लिपि के जनक पं. रघुनाथ मुर्मू ने संताली भाषा को विस्तार दिया। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसके लिए सबसे पहले हमें अपने ही समाज में पाठक वर्ग तैयार करना होगा।

## वाचिक परंपरा में लौट रही नई पीढ़ी : डॉ. महुआ माजी

राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल यह कहा जाता है कि अब नई पीढ़ी में पहले की तरह पुस्तकों में रुचि नहीं है, लेकिन यह सही नहीं है। अब नई पीढ़ी पढ़ने की जगह सुनना ज्यादा पसंद कर रही है। हम कह सकते हैं कि यह पीढ़ी वाचिक परंपरा में लौट रही है। शायद यही वजह है कि आज डिजिटल या ऑडियो बुक की भरमार हो गई है। उन्होंने शिकागो यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे मीलों दूर रह रहे भारतीय अपनी संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि झारखंड में साहित्य व कला एकेडमी का प्रस्ताव राज्य सरकार की कैबिनेट से पारित हो गया है। इससे साहित्य को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर कहा कि 32 जनजातीय भाषाओं में 9 ही विकसित हुई हैं, नई पीढ़ी अन्य भाषाओं पर भी लेखन-संवर्द्धन करे, तो काफी कुछ हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदी 48 भाषाओं से बनी है, लेकिन, मेरी सलाह है कि इसे इतना सरल बनाया जाना चाहिए कि दक्षिण भारतीय को भी समझने में आसानी हो। उन्होंने बंगाल के प्रसिद्ध लेखक माइकल मधुसूदन दत्त का उदाहरण देते हुए कविताओं-गीतों को छंद-लय में विकसित करने पर जोर दिया, ताकि इसे लोग ज्यादा दिनों तक याद रख सकेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. महुआ माजी ● फोटोन न्यूज

## मुद्रित साहित्य ही स्थायी ज्ञान का माध्यम : डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र

कार्यक्रम का सबसे पहला सत्र -जीवन में किताबें और किताबों में जीवन- पर रहा, जिसमें नवगीत के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने साहित्य की वाचिक परंपरा से लेकर इंटरनेट युग तक को एक सूत्र में पिरो दिया। उन्होंने कहा कि एक दशक से इंटरनेट का दौर चल रहा है, जिसमें आज की पीढ़ी गूगल-ज्ञान पर ज्यादा भरोसा करती है। लेकिन, उन्हें जानना चाहिए कि मुद्रित या छपा हुआ साहित्य ही स्थायी रूप से ज्ञान दे सकता है। उन्होंने बताया कि लेखन की शुरूआत से पहले वाचिक परंपरा ही कायम थी। लोग एक-दूसरे से सुनकर दूसरों तक ज्ञान फैलाते या पहुंचाते थे। धीरे-धीरे लिखने की परंपरा शुरू हुई। पहले कहा जाता था कि जिसके पास पुस्तक है, वही पंडित या ज्ञानी है। यह लोकोक्ति वर्षों तक चली। नई पीढ़ी को मेरी सलाह है कि गूगल पर बहुत सी अशुद्धियां रहती हैं, इसलिए मुद्रित साहित्य पर भरोसा रखो। अंत में उन्होंने बच्चों पर लिखी कविता, मोर के पांव ही न देख तू, मोर के पंख भी तो देख... शूल भी फूल है, बस एक नजर तो देख तू... नाश तो हर किसी के हाथ में, सर्जना करे वही बड़ा... सुनाई।

भादो माझी को स्मृति चिह्न भेंट करतीं डॉ. नेहा तिवारी ● फोटोन न्यूज

साहित्यिक महोत्सव में शामिल कॉलेज की छात्राएं ● फोटोन न्यूज

## बनारस का रस : गंडासा गुरु की शपथ

इस शीर्षक वाले कहानी के लेखक-सह-आईएएस डॉ. कुंदन यादव से सत्यार्थ अनिरुद्ध ने ढेरों बातें कीं। डॉ. यादव ने कहा कि जब काशीनाथ सिंह ने काशी का असी किताब लिखी, तो मुझे लगा कि यह तो एक मोहल्ले की कहानी है, तभी मुझे लगा कि पाठकों तक पूरे बनारस का रस पहुंचाना चाहिए। इसी परिकल्पना के साथ मैंने यह किताब लिखी। इस किताब का शीर्षक उस व्यक्ति पर लिखा, जिसने पानी वाले सांप के काटने पर गंडासे से अपनी पूरी अंगुली ही काट दी थी, जिससे विष पूरे शरीर में न फैल सके। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद बनारस का मिजाज और रहन-सहन काफी बदल गया है। फ्लैट कल्चर आने से लोगों का मेल-जोल भी वैसा नहीं रहा। यह शहर बहुत धीरे-धीरे चलता है। किसी को जल्दी नहीं रहती है। इस लिहाज से यह शहर, देश के अन्य नगरों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि पिताजी पुलिस विभाग में थे, सो उनके तबादलों की वजह से मैं 17 जिलों में पढ़ा। अब मुंबई में रहता हूं।

एक शाम कविताओं के गायन की काव्यराग बैंड में चिन्मयी त्रिपाठी व जोएल मुखर्जी की प्रस्तुति

## अखबारों की लेखन शैली व संस्कृति पर आए विविध पक्ष

कार्यक्रम का पांचवां सत्र-पढ़ने की संस्कृति का ह्रास और अखबारों की चुनौतियां- विषय पर थी, लेकिन इसमें अखबारों की लेखनशैली व संस्कृति पर भी खूब बातें हुईं। प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्र ने कहा कि शब्दों का मानकीकरण नहीं हुआ है, जिससे अलग-अलग अखबारों में एक ही शब्द विभिन्न रूप में दिखते हैं। उन्होंने फेक न्यूज शब्द पर भी आपत्ति जताई। कहा कि यह शब्द अंग्रेजी से लिया गया है, जैसे येलो जर्नलिज्म को पीत पत्रकारिता कहा जाता है। ये हिंदी के शब्द हैं ही नहीं। न्यूज, फेक नहीं हो सकता है।

दैनिक भास्कर के संपादक कुमार भवानंद ने कहा कि आदमी हर वक्त पढ़ता ही रहता है, चाहे डिजिटल हो या प्रिंट। अखबार भी डिजिटल फॉर्म में आ गए हैं। हां, सोशल मीडिया पर आप भरोसा नहीं कर सकते।

चमकता आईना के संपादक जयप्रकाश राय ने कहा कि पहले हाथ से लिखा जाता था, अब की-बोर्ड पर लिखा जाता है। दोनों में आसमान-जमीन का अंतर है। इससे भी बड़ी बात कि पहले अखबार छपने से पहले तीन-चार स्तर पर पढ़ लिया जाता था, अब ऐसा नहीं होता, इसलिए त्रुटियां रह जाती हैं।

दैनिक जागरण के संपादक उत्तम नाथ पाठक ने कहा कि जेन-जी में हिंदी की स्वीकार्यता है नहीं। पहले हर स्कूल में हिंदी के अखबार जाते थे, जिसे बच्चों को पढ़ने के लिए कहा जाता था, अब ऐसा नहीं है। शायद, इसी वतह से बच्चों में हिंदी प्रायोरिटी में है नहीं।

उदितवाणी के संपादक उदित अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चों के पास पढ़ने के लिए बहुत से ऑप्शन हैं। आज की पीढ़ी कंटेंट कंज्यूम करती है, पढ़ती नहीं है। वैसे भी जब बच्चा घर में अपने बड़ों को पढ़ते हुए नहीं देखेगी, तो क्या सीखेगी। इसलिए सबसे पहले घर में ही पढ़ने की संस्कृति विकसित करनी होगी, तभी हम बच्चों से उम्मीद रख सकते हैं कि वह भी पढ़े।

दैनिक हिंदुस्तान के संपादक गणेश मेहता ने कहा कि ऊर्जा कभी खत्म नहीं होती है, उसी तरह पढ़ना भी है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। जहां तक चुनौती की बात है, तो जहां चुनौती होती है, वहीं से निर्माण भी शुरू होता है। बदलाव को स्वीकार करना होगा। क्रिकेट में भी टेस्ट मैच से टी-20 तक आ गया है, भविष्य में यह टी-10 तक पहुंच जाएगा।

श्रोताओं की ओर से डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, डॉ. अशोक कुमार झा अविचल, डॉ. विजय शर्मा व वैभव मणि त्रिपाठी ने भी संपादकों से सवाल पूछे।

## भोजपुरी में हुई उपन्यास ग्राम देवता की बात

गांव के देवता या देवता का गांव विषयक परिचर्चा प्रो. रामदेव शुक्ल के उपन्यास ग्राम देवता पर आधारित रही। इसमें डॉ. मुन्ना कुमार पांडेय ने पुस्तक के लेखक व गोरखपुर यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामदेव शुक्ल से संवाद किया। उन्होंने बताया कि यह किताब लिखने की प्रेरणा कई प्रसंगों-संस्मरणों पर रही। उन्होंने बताया कि यह पहला भोजपुरी उपन्यास है, जिसका 2020 में अंग्रेजी में अनुवाद हुआ। प्रो. शुक्ल ने कहा कि भोजपुरी बढ़ेगी, तो हिंदी भी बढ़ेगी। इस भाषा को हिंदी का दुश्मन नहीं समझा जाना चाहिए। इस परिचर्चा में भिखारी ठाकुर से लेकर कृष्ण बिहारी मिश्र तक चर्चा हुई। प्रो. शुक्ल ने शुरुआत में कहा कि हिंदी और अंग्रेजी में एक ही वस्तु या भाव अभिव्यक्ति के लिए गिने-चुने शब्द हैं, जबकि भोजपुरी में अनेकों शब्द हैं। इसे उन्होंने आम का उदाहरण देकर समझाया।

## किताबों के ढेर में अंतिम सांस लेना पसंद करूंगी : गरिमा श्रीवास्तव

उद्घाटन सत्र में जेएनयू की प्रो. डॉ. गरिमा श्रीवास्तव ने अपने पिता के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि यदि कोई मुझसे पूछे कि मैं कैसे मरना पसंद करूंगी, तो मैं कहूंगी कि मैं किताबों के ढेर में अंतिम सांस लेना पसंद करूंगी। उन्होंने बताया कि मेरे पिता भी प्रोफेसर थे, सो उनके पास ढेरों किताबें थीं। उनकी मृत्यु के उपरांत उनकी किताबें कूड़े की तरह एक कमरे में रखी थीं। लेकिन, मेरे लिए वह कबाड़ नहीं था। इससे पहले उन्होंने महिलाओं के यौनशोषण के किस्से सुनाए, जिसमें सांगली-महाराष्ट्र का भी प्रसंग था। उन्होंने बताया कि वहां सड़क किनारे 20 रुपये में भुट्टा सेंक रही महिला, उतने ही रुपये में देह का भी सौदा कर लेती है। यूरोपीय देशों की महिलाएं अब भी द्वितीय विश्वयुद्ध के काल में जी रही हैं। उनके साथ 1992 से 1995 तक यौन उत्पीड़न हुए कि उन्होंने इसी को नियति मान लिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. गरिमा श्रीवास्तव ● फोटोन न्यूज

## आज होंगे ये कार्यक्रम

**JAMSHEDPUR :** छाप महोत्सव में 18 नवंबर को सुबह से शाम तक कई कार्यक्रम होंगे। इसमें सबसे पहले सुबह 10 बजे से कबीर में प्रेम और कबीर से प्रेम पर ख्यातिलब्ध लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल से साहित्यकार विमलचंद्र पांडेय बात करेंगे।

- सुबह 10.40 बजे से कल्पना की उड़ान और युवा होता बालपन विषय पर पुस्तक उड़ने वाला फूल पर लेखिका उपासना से डॉ. क्षमा त्रिपाठी बात करेंगी।
- सुबह 11.20 बजे से अंग्रेजी का सत्र होगा, जिसमें कल्चरल वर्सेस मॉडर्निटी पर ख्यात लेखक जेरी पिंटो से डॉ. नेहा तिवारी कन्वर्सेशन करेंगी।
- दोपहर 12 बजे से जीवन की विविधताओं पर ओड़िया लेखक व पत्रकार डॉ. गौरहरि दास से बात करेंगे बालकृष्ण बेहरा।
- दोपहर 12.40 बजे से स्त्री विमर्श पर लेखिका डॉ. बीना ठाकुर से बात करेंगे साहित्यकार अशोक कुमार झा।
- दोपहर 1.20 बजे से प्रयागराज के दौर में इलाहाबाद की यादें विषय पर लेखक और पटकथाकार शेषनाथ पांडेय से बात करेंगे वैभव मणि त्रिपाठी।
- दोपहर 2 बजे से पोर्टल वाला मीडिया, रील के मकड़जाल वाले दौर में पत्रकारिता की चुनौतियां विषयक परिचर्चा में बैजनाथ मिश्र, अनुज कुमार सिन्हा और श्याम किशोर चौबे से बात करेंगे आनंद कुमार।
- महोत्सव के अंतिम सत्र में भोजपुरी भाषा की पहली साइंस फिक्शन फिल्म मद्धिम का प्रदर्शन होगा। प्रदर्शन के पश्चात निर्देशक विमल चंद्र पांडेय तथा कलाकार डॉ. मुन्ना कुमार पांडेय से डॉ. प्रियंका सिंह बात करेंगी।
- कार्यक्रमों का संचालन मीनाक्षी शर्मा व डॉ. प्रियंका सिंह करेंगी।

**समस्या** ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों का बुरा हाल, पहले पेड़ के नीचे चलता था स्कूल, अब जर्जर भवन की छत के नीचे बांधी जाती है तिरपाल

# सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचा ध्वस्त, बच्चों की पढ़ाई पर असर

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिले के गोइलकेरा प्रखंड के तोडांगसाई गांव में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का भवन खंडहर हो चुका है। स्कूल भवन की दीवारें गिरने की हालत में हैं और छत के प्लास्टर भी झड़ रहे हैं। इस स्थिति में बच्चों का यहां बैठ कर पढ़ना खतरे से खाली नहीं है। दो साल पहले शिक्षकों ने बच्चों को पेड़ के नीचे बैठा कर पढ़ाना शुरू किया था, लेकिन प्रशासन ने जुलाई 2023 में स्कूल को प्राथमिक विद्यालय रुकमुट में शिफ्ट कर दिया।

**एक कमरे में दो स्कूल :** रुकमुट में एक कमरे में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तोडांगसाई का संचालन होता है, जबकि दूसरे कमरे में प्राथमिक विद्यालय रुकमुट संचालित होता है। यह कमरा भी जर्जर अवस्था में है और बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण छत के नीचे तिरपाल बांधकर बच्चों को पढ़ाया जाता है।

**सरकार की अनदेखी :** यह मामला झारखंड में शिक्षा की बुनियादी ढांचा की खराब स्थिति को दशार्ता है। सरकार रंगरोगन के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करती है, लेकिन जहां स्कूल भवन जरूरी है वहां इसका निर्माण नहीं कराया जाता। यह स्थिति शिक्षा के अधिकार को प्रभावित कर रही है और बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रही है।

**दूरी अधिक, आधी हुई बच्चों की संख्या :** तोडांगसाई गांव से शिफ्ट कर रूमकूट में चलाए जा रहे स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण अभिभावक इस स्कूल में बच्चों का नामांकन कराने से भी कतराने लगे हैं। पहले जब तोडांगसाई में स्कूल संचालित होता था तो 80 से 85 बच्चे पढ़ते थे। दो साल से स्कूल को रुमकूट में शिफ्ट किए जाते ही छात्रों की संख्या आधी हो गई है। इस मामले में प्रशासन की उदासीनता दिख रही है। सरकार दो वर्षों में इस आदिवासी बहुल गांव में एक स्कूल भवन तक नहीं बना पाई है।

**प्रखंड के 35 स्कूलों के भवन जर्जर :** गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत करीब डेढ़ सौ सरकारी विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 35 स्कूलों का भवन बेहद जर्जर हालत में है। प्रखंड संसाधन केंद्र से इसको लेकर जिले के अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। लेकिन न भवनों की मरम्मत हो रही न ही नए स्कूल भवन बन रहे। मासूम बच्चों की जान सांसत में है।

**केस एक :** गोइलकेरा प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूरी पर स्थित तोडांगसाई प्राथमिक विद्यालय का भवन दो साल पहले उपयोग विहीन हो गया। प्रशासन ने स्कूल भवन को खाली करा दिया और इसे रूमकुट गांव के प्राइमरी स्कूल में शिफ्ट कर दिया। तोडांगसाई स्कूल को दो वर्षों से भवन का इंतजार है।

**केस दो :** गोइलकेरा का उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाजोरा बाहर से चकाचक नजर आता है। अंदर वर्ग कक्षों की हालत खस्ता है। जर्जर होते भवन के कमरों के प्लास्टर झड़ रहे हैं। बच्चे सहमे हुए शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। शिक्षकों को भी भय सताता है। निर्माण के बाद डेढ़ दशक में स्कूल भवन की कभी मरम्मत नहीं हुई।

**रंग-रोगन और सामानों की आपूर्ति में 41 करोड़ खर्च :** पश्चिम सिंहभूम जिले के 890 स्कूलों में डीएमएफटी मद से 41 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह खर्च स्कूलों के रंग-रोगन और सामानों की आपूर्ति में खर्च हुए हैं। जबकि अधिकांश स्कूलों में भवनों की हालत खस्ता है।

**जिले को भेजी गई है सूची : बीपीओ :** गोइलकेरा बीआरसी के बीपीओ राजेश गुप्ता ने बताया कि स्कूल भवनों की मरम्मत और नए कमरों के निर्माण से संबंधित प्रतिवेदन जिला कार्यालय को समयांतराल पर भेजा जाता है। तोडांगसाई स्कूल भवन निर्माण के लिए भी पत्राचार किया गया है।

पश्चिमी सिंहभूम के स्कूल की गिरी छत व तिरपाल के नीचे पढ़ते छात्र

BRIEF NEWS

## सड़क दुर्घटना में एनटीपीसी के इंजीनियर की मौत

**BHAGALPUR :** जिले के बाईपास थाना क्षेत्र के खुटाहा पुल के समीप सोमवार को अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से सुल्तानगंज निवासी संजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कहलगांव एनटीपीसी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। घटना को लेकर संजय के पड़ोसी कपिल ने बताया कि संजय रोजाना की तरह अपनी बाइक से कहलगांव से अलीगंज स्थित अपने किराए के मकान लौट रहे थे। इसी दौरान नाथनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संजय अलीगंज के शैलबाग में अपने परिवार के साथ रहते थे। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने हाईवा और चालक की तलाश शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रैक्टर से दबकर एक महिला की मौत, चार लोग जख्मी

**NALANDA :** नालंदा जिले के इसलामपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर व ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग जख्मी हो गए। मृतक व जख्मी एक ही परिवार के हैं। सभी शादी समारोह में शामिल होने हरथु गांव जा रहे थे। उसी दौरान दुर्घटना हुई।मृतका सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहडीह निवासी नजीमुद्दीन की 70 वर्षीया पत्नी सुखैदा खातून हैं। जख्मी सानिया खातून, लाडली खातून समेत चार लोग इसलामपुर अस्पताल में इलाजरत हैं। मृतक के परिवार ने बतया कि सभी लोग ई-रिक्शा पर सवार हो रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने हरथु गांव जा रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ। इस्लामपुर थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया।

## 122 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**KATIHAR :** कटिहार जिला के कोढ़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जुगाड़ गाड़ी से कुल 122.857 लीटर विदेशी शराब बरामद की है और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।
कोढ़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि महीनाथपुर पेट्रोल पम्प के पास तीन व्यक्ति एक जुगाड़ गाड़ी से अवैध शराब की खेप लेकर आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर पुलिस बल के साथ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में महीनाथपुर पेट्रोल पम्प के पास एक जुगाड़ गाड़ी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 122.857 लीटर विदेशी बरामद किया गया तथा तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

# सोनपुर मेले में दिखा 'गज-ग्राह' की लड़ाई का अद्भुत सैंड आर्ट

**AGENCY SARAN :** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला अपनी सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत के लिए जाना जाता है और इस बार यहां एक स्थानीय कलाकार अशोक कुमार द्वारा बनाया गया एक शानदार सैंड आर्ट दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। यह कलाकृति अंग्रेजी बाजार स्थित जिलाधिकारी आवास के पास प्रदर्शित की गई है। यह बालू कलाकृति पौराणिक कथा 'गज और ग्राह' की लड़ाई और उद्धार पर आधारित है। कलाकार ने बड़ी कुशलता से उस क्षण को दर्शार्या है जब भगवान विष्णु, सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध कर हाथी को मुक्ति दिलाते हैं। यह दृश्य कला और भक्ति का एक सुंदर संगम प्रस्तुत करता है। इस अद्भुत सैंड आर्ट में सिर्फ पौराणिक कथा ही नहीं बल्कि सोनपुर मेला और बिहार की पहचान से जुड़े तत्वों को भी खूबसूरती से उकेरा गया है। इस बालू कलाकृति में एक तरफ घोड़ा और बैल जैसे पशुओं को दर्शार्या गया है, जो इस ऐतिहासिक पशु मेले के महत्व को चित्रित कर रहा है। इसके अलावा, बिहार का मानचित्र भी शामिल किया गया है, जिस पर सोनपुर का स्थान चिह्नित है।मेले के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए कलाकृति में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग, बिहार सरकार का सोनपुर मेला प्रतीक चिन्ह भी बहुत ही आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। इस कलाकृति को बनाने वाले कलाकार अशोक कुमार ने बताया कि इस सैंड आर्ट को बनाने में स्थानीय कलाकार सोनू कुमार ने सहयोग प्रदान किया है। उनकी यह कलाकृति न केवल मेले की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय कला और कलाकारों को भी एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रही है। यह सैंड आर्ट मेले में आने वाले दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और लोग रुककर इसकी प्रशंसा कर रहे हैं।

### जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा बोले-

# 'सुशासन' मॉडल के प्रतीक हैं नीतीश

**AGENCY PATNA :** बिहार जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को जारी अपने बयान में नीतीश कुमार को 'सुशासन' मॉडल का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने बिहार को कुशासन के अंधकार से निकालकर विकास और प्रगति की उस गगनचुंबी ऊंचाई पर पहुंचाया, जिसकी कल्पना भी पूर्ववर्ती दौर में असंभव मानी जाती थी।
कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार ने उम्मीद खो चुकी जनता के भीतर विश्वास और आशा की नई किरण जगाई। उन्होंने आगे कहा कि यही कारण है कि दो दशकों के ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सुशासन के बाद बिहार की जनता ने एक बार फिर भारी जनसमर्थन के साथ श्री नीतीश कुमार पर अपना भरोसा जताया और उन्हें पुनः नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष ने पूरी ताकत लगाकर झूठ और दुष्प्रचार के सहारे जनता को बरगलाने का हर हतकंडा अपनाया, लेकिन अंततः नतीजा सच्चाई और सुशासन के पक्ष में ही आया। यह इस बात को सिद्ध करता है कि जनता का अटूट भरोसा न सिर्फ नीतीश कुमार पर कायम है, बल्कि दिनों-दिन और अधिक प्रगाढ़ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार नए कार्यकाल में विकास की नई उड़ान भरने के लिए तैयार है। डबल इंजन की केंद्र और राज्य सरकार के साझा समन्वय से आने 9वाले पांच वर्षों में बिहार देश के शीर्ष दस समृद्ध राज्यों में शामिल होगा।

## पूर्व मंत्री श्याम रजक को उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग

**NAVADA :** बिहार में नई सरकार के गठन की चचाओं के बीच रजक समाज तथा समाजवादियों द्वारा पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता श्याम रजक को बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में पुराने समाजवादी डॉ साकेत बिहारी की अध्यक्षता में नवादा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्याम रजक को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाकर गरीब, पिछड़े और दलित समाज को सशक्त प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। बैठक में विभिन्न जगहों से आए समाजवादी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि श्याम रजक लम्बे समय से सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। समाजवादियों का मानना है कि महादलित और वंचित वर्ग की आवाज को सशक्त बनाने के लिए श्याम रजक जैसा अनुभवी और संघर्षशील नेता राज्य नेतृत्व में शामिल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया जाता है तो सामाजिक न्याय को नई दिशा मिलेगी और बिहार के विकास में सहभागिता बढ़ेगी। रजक समाज के नेता कारू रजक ने भी बैठक में स्पष्ट कहा कि बिहार की राजनीति में श्याम रजक का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि 74 के जेपी आंदोलन से जुड़े रहे श्याम रजक ने जीवन भर वैचारिक राजनीति और गरीबों के संघर्ष को आगे बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में महादलित समाज, मजदूर, पिछड़ा वर्ग और अन्य वंचित लोग मजबूत राजनैतिक प्रतिनिधित्व प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में उपस्थित समाजवादियों ने यह भी कहा कि आज जब बिहार में समावेशी नेतृत्व की आवश्यकता है, तब श्याम रजक को उपमुख्यमंत्री बनाकर सामाजिक समानता और न्याय के मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है। उनका कहना था कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में रजक समाज को भी उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। वरिष्ठ समाजवादी नेता अनिल प्रसाद सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि श्याम रजक सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में सर्वसमावेशी विकास चाहती है, तो श्याम रजक को उपमुख्यमंत्री के रूप में अवसर देकर बिहार को नई दिशा और नई ऊर्जा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में रजक समाज, महादलित समाज, छात्र और युवा उनसे प्रेरित हैं, तथा ऐसे समय में इस वर्ग की उम्मीदों का सम्मान होना चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नेतृत्व से लिखित ज्ञापन देकर श्याम रजक को बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की जाएगी। साथ ही इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में जन-जागरण अभियान चलाने की भी घोषणा की गई। अंत में बैठक का धन्यवाद ज्ञापन साकेत बिहारी ने किया और कहा कि यह लड़ाई समानता और अधिकारों की लड़ाई है, जो तब तक जारी रहेगी जब तक श्याम रजक को उपयुक्त सम्मान नहीं मिल जाता।

श्याम रजक की फाइल फोटो

## पश्चिम चंपारण में अनियंत्रित कार ने बारातियों को रौंदा, तीन की मौत

**AGENCY PATNA :** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया-बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -227 के पास बीती देर रात एक सड़क हादसे में 03 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल है। हादसा बिशुनपुरवा गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बारातियों को रौंद दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि "नरकटियागंज के धूमनगर से लौरिया के बिशुनपुरवा बारात आई थी। सभी बाराती सड़क किनारे खड़े थे और बारात लड़की के घर पर ले जाने की तैयारी कर रहें थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित हो गई और लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर चीखझपुकार मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक 03 लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि कई लोग

घायल हैं। कार चालक भागने में सफल रहा। इसके बाद गुस्साएं लोगों ने गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच राहत-बचाव कार्य में जुट गई। घायलों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया। जहां कई लोगों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतकों में दिनेश कुशवाहा (40), राजेश महतो (35) और दिनेश कुशवाहा (35) के नाम सामने आए हैं।

## छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोप में स्कूल के प्रिंसिपल बंधक, ग्रामीणों ने की पिटाई

**AGENCY ARARIA :** अररिया आरएस थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईटहरा के प्रिंसिपल समसुल होदा को सोमवार को ग्रामीणों ने पहले तो स्कूल में घंटों बंधक बनाए रखा। उसके बाद पुलिस के पहुंचने पर जमकर उनकी पिटाई की। स्कूल के प्रिंसिपल को स्कूल की एक छात्रा के साथ चॉकलेट आदि का प्रलोभन देकर अश्लील हरकत करने और छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया है। प्रिंसिपल को तब जाकर मुक्त कराया गया,जब मौके पर आरएस थाना की पुलिस पहुंची। लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष ही आरोपी प्रिंसिपल की जमकर पिटाई की। किसी तरह पुलिस आरोपी प्रिंसिपल को आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ से उसे छुड़ाकर अपने साथ थाना लेकर गई।स्थानीय पार्षद और ग्रामीणों ने

आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। मौके पर पहुंचे नगर पार्षद श्याम कुमार मंडल ने बताया कि आरोपी प्रिंसिपल समशुल होदा है। ग्रामीणों की शिकायत थी कि यह प्रिंसिपल स्कूल की भोली भाली छात्रा के साथ छेड़खानी और अश्लील हरकत करता रहता है।ग्रामीणों के साथ उन्होंने जानकारी दी कि स्कूल के आरोपी प्रिंसिपल ने स्कूल की एक छात्रा के साथ चॉकलेट का प्रलोभन देकर उसके साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने की कोशिश की। आरोपी प्रिंसिपल स्कूली छात्रा के शरीर को गलत नीयत से स्पर्श करने लगा। जिसका छात्रा द्वारा विरोध किया गया और उन्होंने घर जाकर प्रिंसिपल की करतूतों की जानकारी अपने अभिभावक को दी।जिसके बाद अभिभावक ग्रामीणों को साथ स्कूल पहुंचकर आरोपी प्रिंसिपल को उसके प्रधानाचार्य कक्ष में ही ताला मारकर बंधक बना दिया।स्कूल के प्रिंसिपल की बंधक बनाए जाने की जानकारी के बाद आरएस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का ताला खुलवाकर अपने साथ थाना लेकर जाना चाही लेकिन बाहर में खड़े सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित भीड़ पुलिस के चंगुल में रहे आरोपी प्रिंसिपल समशुल होदा की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी, जिसके बाद किसी तरह पिटाई से बचाते हुए आरोपी प्रिंसिपल को अपने साथ थाना लेकर गई।

NEWS BOX

## दुकान का गेट बाहर से बंद कर चोर हुए फरार, बढ़ती चोरी से आक्रोश

**AGENCY DARBHANGA :** बिहार में दरभंगा जिले के नदियामी गांव स्थित विष्णु ट्रेडर्स हार्डवेयर दुकान में रविवार की देर रात चोरी की बड़ी वारदात हुई है। दुकान संचालक मनोज कुमार चौधरी उर्फ.ठक्को जी के अनुसार, लगभग रात दो बजे अज्ञात चोर दुकान से मोटर चोरी कर ले गए। घटना उस समय हुई जब उनके स्टाफ दुकान के अंदर ही सोए हुए थे। स्टाफ ने बताया कि चोरों ने पहले बाहर से लाईट बंद कर दी, फिर दुकान के पश्चिमी गेट को बाहर से बंद कर दिया, ताकि अंदर सोए कर्मचारी बाहर न निकल सकें। इसके बाद चोरों ने भीतर घुसकर मोटर खोल ली और फरार हो गए। सुबह कर्मचारियों ने किसी तरह गेट खोला और देखा कि मोटर गायब है, जबकि उसका एक पार्ट्स सर्किट फर्श पर गिरा हुआ था। दुकान मालिक मनोज कुमारेन्द्र चौधरी ने बताया कि उन्हें किसी पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने मामले की जानकारी फोन पर सकतपुर थाना को दे दी है, लेकिन अब तक पुलिस मौके पर जांच करने नहीं पहुंची है। मनोज चौधरी ने कहा कि वे जल्द ही सकतपुर थाना और महिला थाना, दोनों में लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे।

## दरभंगा में धान खरीद के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

**AGENCY DARBHANGA :** छपरा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सारण,अमन समीर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीएम एसएफसी एवं अन्य सभी संबंधित सदस्यों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने धान उत्पादन और विभागीय लक्ष्यों के आधार पर प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पंचायतवार अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अभी से ही आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया ताकि धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे धान कटनी का प्रतिवेदन प्रतिदिन जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी इस दैनिक प्रतिवेदन के आधार पर निर्धारित अवधि में किसानों से नियमित रूप से समन्वय स्थापित कर उन्हें धान अधिप्राप्ति के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे अधिप्राप्ति कार्य में अधिकतम बढ़ोतरी लाई जा सके।

## नालंदा जिले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

**AGENCY NALANDA :** बिंद थाना क्षेत्र के मसियाडीह गांव में सोमवार को छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की रेडिंग टीम पर शराब धंधेबाजों ने गोलीबारी करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। मोर्चा संभालते हुए टीम ने जवाबी फायरिंग कर स्थिति को नियंत्रण में किया। चुलाई शराब जब्त करने के बाद धंधेबाजों ने हमला किया था। धंधेबाजों ने करीब 6 चक्र फायरिंग की थी। रेडिंग टीम ने 20 लीटर चुलाई शराब जब्त करते हुए कई भट्ठियों को नष्ट किया। सैकड़ों लीटर छोवा भी बहाया गया। इसके बाद थाना पुलिस, खनन विभाग और विद्युत विभाग भी छापेमारी करने पहुंच गई। खनन विभाग ने मौके से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर भी जब्त किया है। वहीं, विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी पकड़कर जुमार्ना लगाया है। उत्पाद थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि विभाग की 10 सदस्यीय टीम गुप्त सूचना पर मसियांडीह गांव में शराब धंधेबाजों पर कार्रवाई करने पहुंची थी। जहां चुलाई शराब जब्त करने पर धंधेबाजों ने हमला कर दिया। बदमाश टीम पर फायरिंग करने लगें। आत्मरक्षार्थ टीम भी जवाबी फायरिंग की। अजीत यादव, संजय यादव, बलराम यादव, सोना देवी और सुरुचि कुमारी को आरोपित कर केस दर्ज कराया गया है।

**स्वास्थ्य** माताओं ने अपने नवजात शिशु के सुरक्षित भविष्य को दी प्राथमिकता

# सारण जिले में सात महीनों में 31,985 संस्थागत प्रसव

**AGENCY SARAN :** सारण ज़िले की माताओं ने अब अपने और अपने नवजात शिशु के सुरक्षित भविष्य को प्राथमिकता देते हुए घर के बजाय अस्पतालों में प्रसव कराना शुरू कर दिया है। यह एक सकारात्मक बदलाव है, जिससे ज़िले के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।
जिला चिकित्सा पदाधिकारी सागर दुलाल सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अनुसार अप्रैल से अक्टूबर 2025 के दौरान ज़िले में कुल 31,985 गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पतालों में सुरक्षित ढंग से संपन्न हुआ। यह आंकड़ा महिलाओं की बदली हुई सोच को

दर्शार्ता है। सबसे अधिक संस्थागत प्रसव सदर अस्पताल और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में दर्ज किए गए जिनकी संख्या 3,097 रही। इन सात महीनों में 525 ऑपरेशन से प्रसव हुए। ज़िला अस्पताल ने अकेले 460 ऑपरेशन कर जटिल मामलों में कई माताओं और शिशुओं की जान बचाई। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की त्वरित कार्रवाई के कारण अधिक रक्तस्राव और नवजात की धड़कनें गिरने जैसी गंभीर स्थितियों को समय रहते टाल दिया गया। हमारा प्रयास हर मां और बच्चे को सुरक्षित घर भेजना है। जननी सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 1,400 और शहरी परिवारों को 1,000 की प्रोत्साहन राशि ने गरीब परिवारों को आर्थिक सहारा दिया और अस्पताल जाने का डर दूर किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रसव के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा ने ग्रामीण क्षेत्रों तक अस्पताल की पहुंच आसान बना दी।

## जिलाधिकारी ने भू-अर्जन की धीमी गति पर जताई नाराजगी

**AGENCY SARAN :** सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने आज जिला मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक कर जिले में चल रही विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन के मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। भू-अर्जन की वर्तमान गति को असंतोषजनक पाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रक्रिया में शीघ्रता लाने के लिए स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। बैठक में भारतमाला परियोजना, रामजानकी पथ, दीघा पुल के समानांतर गंगा नदी पर प्रस्तावित 6 लेन केबल ब्रिज, तथा विभिन्न महत्वपूर्ण बाईपास और रिंग रोड परियोजना जिनमें रिविलगंज, परसा, गरखा, अमनौर, छपरा बाईपास और शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना के लिए चल रहे भू-अर्जन कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त, एन एच-31 गाजीपुर-बलिया-मांझी 4 लेन सड़क, एन एच 722- सोनहो फ्लाईओवर, गोल्डेनगंज आरओबी, शीतलपुर-मशरख पथ एस एच 73 पर आरओबी निर्माण, और मेडिकल कॉलेज संपर्क पथ जैसी सड़क एवं पुल परियोजनाओं के भू-अर्जन कार्य में भी तेजी लाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को भू-अर्जन के कार्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल कर कार्य करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। उन्होंने सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि वे भू-अर्जन के मामलों की प्रगति की दैनिक समीक्षा करें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत, परिवार में मातम

**DARBHANGA :** जिले में बहेड़ी-खराड़ी सड़क स्थित लक्ष्मीपुर पुल के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक नगर पंचायत बहेड़ी निवासी साजन कुमार महतो (उम्र 27 वर्ष), पिता महेश महतो व माता ममता देवी, अपने रिश्तेदार को समस्तीपुर जिला के वारिसनगर छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे साजन कुमार महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना मृतक के परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिवार घटना स्थल पर पहुंचकर रो-रोकर बेहाल हो गए।

# आतंक का पाठ पढ़ने वाले डॉक्टर

राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास जिस कार में भीषण धमाका हुआ और जिसके चलते 10 से अधिक लोग मारे गए, उसका चालक भी एक डॉक्टर ही निकला। नाम है उमर मोहम्मद। उसने विस्फोटक से लैस कार के साथ या तो खुद को उड़ा लिया या फिर किसी गफलत में धमाका कर बैठा। पुलवामा का उमर उन तीन डॉक्टरों का सहयोगी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में करीब 3000 किलो विस्फोटक और हथियार मिले थे। इनमें एक का नाम डॉक्टर मुजम्मिल है और दूसरे का डॉक्टर आदिल। दोनों कश्मीर के हैं। इनकी तीसरी साथी डॉक्टर शाहीन है। शाहीन लखनऊ की है। इनके और साथियों की भी तलाश की जा रही है। हैरानी नहीं कि उनके संपर्क में और भी ऐसे डॉक्टर निकलें, जो आतंकी हों। इन डॉक्टरों के अतिरिक्त एक अन्य डॉक्टर मोहिउद्दीन गुजरात पुलिस की गिरफ्त में है। उसने चीन से मेडिकल की पढ़ाई की है। उसे गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने उसके दो साथियों के साथ हथियारों संग गिरफ्तार किया। वह अरंडी के बीज से बेहद घातक जहर राइसिन बनाने की तैयारी कर रहा था, ताकि एक साथ तमाम लोगों को मारा जा सके। यह पहली बार नहीं है, जब किसी आतंकी साजिश और घटना में किसी डॉक्टर का नाम सामने आया हो। इसके पहले भी कई डॉक्टर आतंक की राह पर चलते पकड़े जा चुके हैं। हाल के समय में इनमें सबसे चौंकाने वाला नाम पुणे के डॉक्टर अदनान अली सरकार का था। उसे एनआईए ने 2023 में गिरफ्तार किया था। वह शहर का प्रतिष्ठित डॉक्टर था, लेकिन खूंखार आतंकी समूह आईएस के लिए काम कर रहा था। बीते वर्षों में डॉक्टरों के अलावा कई ऐसे आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इंजीनियर थे। इनमें से एक बेंगलुरु में बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर रहा था और शामी विटेनस नाम से ऑनलाइन सक्रिय रहकर मुस्लिम युवाओं को आईएस में भर्ती के लिए उकसाता भी था और उन्हें सीरिया भेजने में मदद भी करता था। डॉक्टरों और इंजीनियरों के अलावा अन्य तमाम उच्च शिक्षित मुस्लिम युवा आतंकी के रूप में पकड़े जा चुके हैं। कुछ इसलिए नहीं पकड़े जा सके, क्योंकि वे पुलिस के हत्थे चढ़ने के पहले आईएस या अलकायदा का हाथ बंटाने सीरिया और अफगानिस्तान पहुंच गए। अब ऐसे पढ़े-लिखे और यहां तक कि उच्च शिक्षित युवाओं की गिनती करना कठिन है, जो आतंकी बन गए। यह धारणा नितांत मिथ्या सिद्ध हो चुकी है कि अशिक्षित अथवा गरीब ही मजहबी उन्माद से ग्रस्त होकर या फिर किसी प्रताड़ना के चलते आतंकी बनते हैं। पिछले दो-तीन दशकों में देश और दुनिया में न जाने कितने ऐसे मुस्लिम युवकों ने आतंकी बनना पसंद किया है, जो उच्च शिक्षित थे। दुनिया भर से ऐसे युवाओं को सबसे अधिक आकर्षित किया आइएस ने। भारत में केरल से लेकर कश्मीर तक में अनेक पढ़े-लिखे मुस्लिम युवा आतंकी बन चुके हैं। पहले उनके बारे में ऐसी खबरें आती थीं कि वे किसी जिहादी मौलवी-मौलना के संपर्क आए और आतंकी बन गए। फिर ऐसी खबरें आने लगीं कि वे इंटरनेट पर जिहादी सामग्री देखकर आतंकी बन गए। कुछ तो मजहबी उन्माद से इतना अधिक भर गए कि उन्होंने गजवा ए हिंद या ऐसे ही किसी नाम से खुद का आतंकी गुट बना लिया। क्या यह किसी से छिपा है कि ऐसे नामों की प्रेरणा मजहबी मान्यताओं से ही मिलती है। मोडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए आतंकी बनना पसंद करने वालों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वे प्रताड़ित थे या फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। वे चाहते तो खुशहाल जिंदगी जीते रह सकते थे, लेकिन उन पर आतंकी बनने का भूत सवार हुआ। ऐसा क्यों हुआ, इसका जवाब इस कथन में नहीं खोजा जा सकता कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता। इस कथन को लेकर सदैव विवाद होता रहता है, लेकिन, इसमें तो कोई विवाद ही नहीं कि मजहब की आड़ लेकर या फिर उसके सहारे ही आतंक के रास्ते पर चला जाता है। दुनिया भर के जिहादी गुट मजहबी मान्यताओं से ही लैस हैं। इन्हीं के सहारे वे अपनी जिहादी हरकतों को सही ठहराते हैं। उनके खिलाफ समय-समय पर फतवे जारी होते रहे हैं, लेकिन अब डाक्टरों, इंजीनियरों के भी आतंकी बनने से यही सिद्ध होता है कि वे प्रभावी नहीं साबित हो रहे हैं। जिहादी आतंक एक विचारधारा की उपज है। इस खतरनाक विचारधारा से अकेले पुलिस, खुफिया एजेंसियां और सरकारें नहीं निपट सकतीं। उससे निपटना सरकारों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। समाज इस जिम्मेदारी का निर्वहन तभी कर सकता है, जब वह यह समझेगा कि समस्या उन मजहबी सिद्धांतों और मूल्यों-मान्यताओं में है, जिनकी बड़ी आसानी से मनचाही व्याख्या कर ली जाती है। जिहादी आतंक से निपटने के लिए यह भी आवश्यक है कि सस्ती और संकीर्ण राजनीति न हो। दिल्ली में धमाका होते ही बिहार में मतदान के दूसरे चरण का उल्लेख कर-के चटखारे लेकर यह कहा जाने लगा, पता करो कहीं चुनाव हैं क्या। ऐसी छिछली बातें आतंकियों और उनके समर्थकों की ही मदद करती हैं। देश के किसी न किसी हिस्से से पुलिस की ओर से रह-रहकर किसी आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ करने, आतंकियों को गिरफ्तारी करने और उनके पास से विस्फोटक-हथियार बरामद करने की खबरें आती ही रहती हैं। इसका यह मतलब नहीं कि आतंकी खतरा कम हो रहा है।

# अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा

ANALYSIS

योगेश कुमार गोयल

करीब 4410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है। बाहुबली नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे ह्यबाहुबलीह्ल का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है।

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बाहुबली रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है। बाहुबली नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे ह्यबाहुबलीह्ल का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है। इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रेंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था, परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निमार्ता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है। एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-03 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद बाहुबली की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है।

# अभी खत्म नहीं हुआ आतंक के खिलाफ युद्ध

दिल्ली में लाल किले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट ने फिर याद दिला दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग अभी खत्म नहीं हुई है। ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही महीने बाद यह आतंकी घटना इसकी पुष्टि करती है कि लड़ाई बस एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। दुश्मन हालांकि कमजोर हो गया है, फिर भी वार करने में सक्षम है। चिंताजनक बात यह है कि लाल किले की आतंकी घटना की साजिश बहुत सावधानी से रची गई। विस्फोट से कुछ घंटे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर फरीदाबाद की दो रिहाइशी इमारतों में लगभग 3000 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया। इनमें 350 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट भी था। यह एक ऐसा उर्वरक होता है, जिसे आसानी से एक घातक बम में बदला जा सकता है। इस बरामदगी ने संभवतः एक और भी बड़ी त्रासदी को टाल दिया। आतंकवाद के इस कृत्य में डाक्टरों की संलिप्तता यह बताती है कि कट्टरपंथ अब विश्वविद्यालयों, अस्पतालों जैसी उन जगहों में भी घुस रहा है, जिन्हें कभी सुरक्षित माना जाता था। लाल किला विस्फोट कांड की शुरूआत बीते 27 अक्टूबर को हुई, जब श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को डॉ. आदिल की पहचान करने में मदद मिली, जिसे बाद में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। जब जांचकताओं ने अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कालेज में उसके लाकर की तलाशी ली तो उन्हें वहां से एक असाल्ट राइफल मिली। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को फरीदाबाद में छिपे विस्फोटकों का एक जखीरा मिला, जिससे यह उजागर हुआ कि यह नेटवर्क कश्मीर से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक व्यापक रूप से फैला हुआ है। इस नेटवर्क के तार भारत की सीमाओं से परे भी जुड़े रहे हैं। आतंकियों के हैंडलर पाकिस्तान में सक्रिय थे। इस मामले में एक अन्य आतंकी अल फलाह विश्वविद्यालय के डॉ. मुजम्मिल शकील को भी गिरफ्तार किया गया। विस्फोटकों से लदी कार भी एक डॉ. उमर मोहम्मद चला रहा था। अधिकारियों के अनुसार संदिग्ध आत्मघाती हमलावर दिल्ली में घुस आया था और उसने गाड़ी एक मस्जिद के पास खड़ी कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि जब कार खड़ी थी, तब वह एक बार भी उससे बाहर नहीं निकला। ऐसा लग रहा था कि वह या तो निर्देशों का इंतजार कर रहा था या अपने लक्षित लक्ष्य का। जांचकताओं का मानना है कि फरीदाबाद में हुई गिरफ्तारियों से समूह में दहशत फैल गई होगी। फंसने का एहसास होने पर उमर मोहम्मद ने हताशा या घबराहट में बम विस्फोट कर दिया होगा। हो सकता है कि उसके संचालक ने उसे जिंदा पकड़े जाने के बजाय आत्मघाती हमला करने के लिए राजी किया हो। जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि चरमपंथी समूह युवा शिक्षित दिमागों को यह विश्वास दिलाकर प्रभावित करते हैं कि शहादत एक महान कार्य है। एक बार फिर सुराग पाकिस्तान की ओर इशारा कर रहे हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस जैसे आतंकी समूहों को एक साथ लाने के लिए काम कर रही है। इसका उद्देश्य भारत में आतंकी गतिविधियों को पुनर्जीवित करना और जम्मू-कश्मीर से परे भी अशांति फैलाना है। दिल्ली में विस्फोट के समय से पता चलता है कि यह ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए था, जो भारत का सफल आतंकवाद-रोधी अभियान था। पाकिस्तान की नई आक्रामकता वैश्विक राजनीति से भी जुड़ी हुई प्रतीत होती है। हाल में उसने मध्य एशिया में अपनी स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाकर अमेरिका के साथ रिश्ते फिर से बनाने में कामयाबी हासिल की है। जब भी पाकिस्तान को वैश्विक समर्थन मिलता है, वह उसका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के जरिए भारत को उकसाने के लिए करता है। हालांकि आज भारत पहले जैसा नहीं रहा। आतंकवाद के प्रति उसकी प्रतिक्रिया अब धीमी या रक्षात्मक नहीं रही। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमाण था कि भारत आत्मविश्वास और सटीकता के साथ कार्रवाई करने के लिए तैयार है, फिर भी लाल किला विस्फोट दशार्ता है कि आतंकियों ने भी अपने तरीके बदल लिए हैं। अब वे छोटे, छिपे हुए ठिकानों में काम करते हैं और आम जिंदगी में घुल-मिल जाते हैं, जिससे पुलिस के लिए समय रहते उनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए कड़ी सतर्कता की आवश्यकता है। सुरक्षा, सतर्कता केवल जम्मू-कश्मीर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि पूरे देश में होनी चाहिए। आतंकियों के पास से बरामद विस्फोटकों की विशाल मात्रा विनाश के संभावित पैमाने को उजागर करती है। इससे इस आशंका को बल मिलता है कि कई समन्वित विस्फोटों की योजना बनाई गई हो सकती है। इसलिए खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना, शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में निगरानी कड़ी करना और अंतर-एजेंसी समन्वय में सुधार करना महत्वपूर्ण है। कूटनीतिक मोर्चे पर भारत को खुद को आतंकवाद के शिकार के रूप में पेश करते हुए गुप्त रूप से उसका समर्थन करने वाले पाकिस्तान के दोहरे खेल का पदार्फाश करना भी जारी रखना चाहिए। जो देश अभी भी पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी सहयोगी मानते हैं, उन्हें उसके वास्तविक रिकार्ड की याद दिलानी चाहिए। भारत को संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और एफएटीएफ जैसे वैश्विक मंचों का उपयोग आतंकवाद को पनाह देने या उसे वित्तपोषित करने वाले देशों के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के लिए करना चाहिए। भारत को अपने अगले कदमों की योजना बनाते समय तत्काल सैन्य या जवाबी कार्रवाई से आगे बढ़ना चाहिए। आज आतंकवाद-निरोध के लिए बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें मजबूत कूटनीति, उन्नत रक्षा और खुफिया प्रणालियां, आंतरिक सामाजिक सामंजस्य और सबसे बढ़कर, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति शामिल है।

## Social Media Corner

सच के हक में...

मदीना में भारतीय नागरिकों से जुड़ी दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ भी निरंतर संपर्क में हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर ध्वजवाहक और सनातन संस्कृति के अडिग प्रहरी आदरणीय बालासाहेब ठाकरे जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ। राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूत ढाल बनकर खड़े रहने वाले बालासाहेब ठाकरे जी ने आजीवन संस्कृति और स्वधर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों और विचारधारा से समझौता नहीं किया। वे हर एक राष्ट्रप्रेमी के लिए मूल्य-आधारित राजनीतिक जीवन की प्रेरणा हैं।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

